फाल्गुन शुक्ल पक्ष- 13, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 236 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म।प्र।/4-474/2024-26

भोपाल
01 मार्च 2026 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
32.4 अधिकतम
15.1 न्यूनतम



तेल अवीव पर हुए हमले से कई गाड़ियां जल कर राख हो गईं। एक दमकलकर्मी हमले के बाद जलती हुई कार को बुझाता हुआ।

## सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद ईरान की धमकी
## अब केमिकल हथियारों से होगा हमला

# भयंकर तबाही में बदली जंग

### ताबड़तोड़ हमले में खामेनेई के बेटी-दामाद, बहू-पोती भी मारे गए

### पाकिस्तान में तोड़फोड़ के बाद अमेरीकी दूतावास को आग लगाई

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी**

अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हुए हमले के बाद यह जंग भीषण तबाही में बदलती जा रही है। दोनों तरफ से लगातार हमला जारी है। आज सुबह ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की पुष्टि हो गई है। शनिवार को उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। उधर , अरब देशों का एयरस्पेस बंद होने का असर दुबई से लेकर भारत तक दिखाई दे रहा है। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरान ने ड्रोन हमला किया है । इससे पहले बुर्ज खलीफा के पास भी ब्लास्ट हुआ था। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु दुबई में फंसी हुई हैं। उन्होंने इंस्टा पोस्ट में लिखा- यहां हर घंटे हालात और डरावने होते जा रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी से मदद मांगी है।

इजराइल के प्रधानमंती नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। आज सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की।

### बैलेस्टिक मिसाइल धमाकों से दहला तेल अवीव

खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने इजरायल और पश्चिम एशिया क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए हैं। ईरान के सरकारी टेलीविजन के मुताबिक, ये हमले अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई के जवाब में किए गए हैं। ईरान की ताकतवर सैन्य संस्था इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा है कि यह हमला अब तक की सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई है। उसने चेतावनी दी है कि इजरायल और अमेरिका को खामेनेई की मौत की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान की इस जवाबी कार्रवाई में दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइलें इजरायल की ओर दागी गईं। हमलों के दौरान राजधानी तेल अवीव में जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं और कई इलाकों में आसमान धुएं से भर गया। ईरान के सरकारी चैनल प्रेस टीवी ने कुछ ऐसी तस्वीरें जारी की हैं, जिनमें इजरायल की राजधानी तेल अवीव में एक अहम सैन्य इमारत के पास धुआं उठता दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि यह इलाका इजरायल के जनरल स्टाफ मुख्यालय के पास का है।

## दुबई एयरपोर्ट पर ड्रोन अटैक, बुर्ज खलीफा के पास धमाका

### खामेनेई के बेटे मोजतबा हो सकते हैं नए सुप्रीम लीडर

ईरान में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद राजनीतिक और सैन्य संकट गहराने की आशंका है। नएसुप्रीम लीडर की नियुक्ति में कानूनी प्रक्रिया से हटकर जल्द निर्णय की कोशिश हो रही है। ईरान के संविधान के अनुसार सुप्रीम लीडर का चयन 88 वरिष्ठ धार्मिक विद्वानों वाली विशेषज्ञों की परिषद करती है। खबरों के अनुसार दिवंगत सर्वोच्च नेता के बेटे मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नामित किया जा सकता है। ईरान के संविधान के मुताबिक केवल किसी बड़े धार्मिक विद्वान (मौलवी) को ही यह पद मिल सकता है। हालांकि, खामेनेई ने अपने जीवनकाल में किसी उत्तराधिकारी का नाम सार्वजनिक रूप से तय नहीं किया था, जिससे चयन और भी जटिल हो गया है।



सुप्रीम लीडर की मौत पर ईरान में 40 दिन का शोक

### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

ईरान पर राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों पर हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

### भारत की 400 फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** युद्ध के हालात में एयरस्पेस बंद होने का असर दुबई से लेकर भारत तक दिखाई दे रहा है। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन टकराया जिसमें 4 लोग घायल हुए हैं। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 20 घंटे से यात्री अपनी फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्रियों ने रात गुजारी। इधर, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में खामेनेई की मौत पर विरोध हो रहा है।

### बुर्ज खलीफा को खाली कराया गया

दुबई की मशहूर इमारत बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला होने के बाद एहतियातन बुर्ज खलीफा को खाली करा दिया गया और उसकी लाइट्स बंद कर दी। हमले के बाद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अल मकतूम एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन अगले आदेश तक रोक दिया। कई देशों ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया, जिससे दुनियाभर की फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। इंडिया ने घोषणा की है कि आज के लिए लंदन, टोरंटो, फ्रैंकफर्ट, पेरिस और शिकागो के लिए उसकी सभी निर्धारित उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एअर इंडिया ने कहा है कि हम अपने फ्लाइट ऑपरेशन के लिए सुरक्षा माहौल का आकलन करते रहेंगे और जरूरत के हिसाब से ऑपरेशन को पहले से एडजस्ट करेंगे।

## न्यूज विंडो

### 11 राज्यों में छापे, डेढ़ करोड़ की ठगी में 27 आरोपी पकड़े

**नई दिल्ली।** पश्चिम जिला साइबर सेल ने जालसाजों के खिलाफ देशव्यापी कार्रवाई करते हुए 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सप्ताहभर चले इस विशेष अभियान में 11 राज्यों में एक साथ छापेमारी की और पुलिस ने करीब 10 बड़े मामलों का खुलासा किया है। इन मामलों में डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी सामने आई है, जबकि आरोपियों के बैंक खातों में करीब 13.91 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का पता चला है।

### भूकंप के तेज झटके से कांपी जम्मू-कश्मीर की धरती

**डोडा।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में रविवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों ने लोगों की नींद उड़ा दी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई। भूकंप के झटके से इलाके के लोगों में दहशत फैल गई और कई लोग घरों से बाहर निकल आए। मौसम विभाग के अनुसार, भूकंप रविवार रात 1.25 बजे पर आया।

### बर्थडे पर केक काटने के बहाने किशोरी से दुष्कर्म

**रीवा।** यहां एक नाबालिग किशोरी को उसके इंस्टाग्राम दोस्त ने जन्मदिन मनाने के बहाने बुलाकर अपनी हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता और आरोपी की पहचान इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' के जरिए हुई थी। बीती 27 फरवरी को किशोरी का जन्मदिन था। जन्मदिन के इस मौके का फायदा उठाकर आरोपी ने उसे मिलने के बहाने बुलाया और दुष्कर्म किया।

### आज का कार्टून




### सर्वोच्च अदालत का आदेश, महिलाओं को भी मिले ओपन जेल का हक

## जेल सिस्टम को 'सुधार सेंटर' में तब्दील करें

**नईदिल्ली. एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने भारत में कैदियों को सजा देने वाले जेल सिस्टम को सुधार सेंटर में बदलने की कोशिश पर जोर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि पुरुष कैदियों की तरह महिला कैदियों को भी ओपन करेक्शनल इंस्टीट्यूशन मतलब 'खुली जेलों' में रहने का बुनियादी अधिकार है। इन्हें लेबर कैंप से वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में बदलना होगा और कैदियों को अपने परिवारों से रेगुलर मिलने देना होगा।

भारतीय जेल सिस्टम की दिक्कतों और कोर्ट के बनाए गए उपायों पर 138 पेज का फैसला लिखते हुए, जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व



जज एस आर भट को एक उच्च कमेटी का चेयरपर्सन नियुक्त किया, जो 6 महीने के अंदर 'ओपन करेक्शनल इंस्टीट्यूशन के सुधार और गवर्नेंस' के लिए देश भर में एक जैसे कॉमन मिनिमम स्टैंडर्ड तय करेगी। जिन राज्यों के पास खुली जेल नहीं है उन्हें ओपन जेल बनाने के लिए कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई एक सितंबर को तय की गई। महिलाओं को बंद जेलों से OCI में ट्रांसफर के लिए योग्य होने के बावजूद उन्हें ट्रांसफर न करना, खुलेआम जेंडर भेदभाव है, जो संविधान के आर्टिकल 14 और 15(1) का उल्लंघन है, और आर्टिकल 21 के तहत मिले सम्मान के साथ जीने के उनके अधिकार का भी उल्लंघन करता है। बेंच ने कहा, खुले सुधार संस्थानों में जाने से मना करने से महिला कैदियों को पुनर्वास के समान मौके से वंचित किया जाता है और इसे समानता, सम्मान और न्याय के बदलाव लाने वाले वादे के लिए प्रतिबद्ध संवैधानिक व्यवस्था में बनाए नहीं रखा जा सकता। इसलिए, इस संबंध में तुरंत और असरदार सुधार के उपाय जरूरी हैं।

## महाकाल की हर आरती के लिए रेट तय करने पर श्रद्धालुओं में नाराजगी

**उज्जैन. एजेंसी**

महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में अब आप संध्या और शयन आरती में तभी शामिल हो सकेंगे, जब आपके पास 250 रुपए का पास होगा। मंदिर समिति ने भस्म आरती की तर्ज पर इन आरतियों के दर्शन की नई व्यवस्था शुरू की है। इससे समिति को रोजाना 6 लाख रुपए की अतिरिक्त आय होगी। यानी हर महीने 1.80 करोड़ और साल के 22 करोड़ अतिरिक्त मिलेंगे। हालांकि, इस फैसले पर भक्तों ने विरोध जताना शुरू कर दिया है। महाकाल में आस्था रखने वाले इसे 'तुगलकी फरमान' बता रहे हैं। मंदिर प्रशासन से न सिर्फ श्रद्धालु नाराज हैं, बल्कि खुद धर्मस्व मंत्री भी इसके खिलाफ खड़े हो गए हैं। प्रशासन का तर्क है कि भस्म आरती की तरह संध्या-शयन आरती की ब्रांडिंग कर भीड़ नियंत्रित की जाएगी। मंदिर समिति का फैसला पूरी तरह प्रशासनिक आदेश है। आरोप है कि फैसले से पहले किसी भी जनप्रतिनिधि, पंडित या भक्त मंडलों से बात नहीं की गई। ऐसे लोग जो पैसे देकर भस्म आरती नहीं कर पाते थे, वे निशुल्क शयन संध्या आरती करते थे, अब नहीं कर पाएंगे।

## जम्मू में नजर आया पाकिस्तानी ड्रोन, सेना ने बरसाई गोलियां

**जम्मू. एजेंसी**

आज सुबह जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल पार से भारतीय सीमा में घुसे एक पाकिस्तानी ड्रोन को गिराने के लिए सेना के जवानों ने फायरिंग की। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन दिगवार इलाके में थोड़ी देर मंडराने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लौट गया। तीन दिनों में यह दूसरी बार था जब सीमा पार से ड्रोन की हलचल देखने के बाद सैनिकों ने फायरिंग की। अधिकारियों ने बताया कि एक फॉरवर्ड पोस्ट पर तैनात सैनिकों ने सुबह करीब 6.10 बजे दुश्मन के ड्रोन को देखा और उसे गिराने के लिए एक दर्जन से ज्यादा राउंड फायरिंग की। हालांकि, ड्रोन गोलियों से बच गया।

### नागपुर के काटोल की घटना

## माइनिंग विस्फोटक बनाने वाली कंपनी में ब्लास्ट, 17 की मौत

**नागपुर. एजेंसी**

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में बड़ी घटना सामने आई है। यहां विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक कारखाने में हुए धमाके में रविवार को कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि यह विस्फोट काटोल तहसील के राउलगांव स्थित खनन और औद्योगिक कार्यों के लिए विस्फोटक पदार्थ बनाने वाली कंपनी 'एसबीएल एनर्जी लिमिटेड' के कारखाने में हुआ। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, सुबह एक गोला-बारूद निर्माण कंपनी में हुए विस्फोट हुआ। यह फैक्ट्री नागपुर शहर से लगभग 25



किलोमीटर दूर कलमेश्वर तहसील के राउलगांव गांव में है। मारे गए लोगों में अधिकांश महिलाएं हैं।

**तेज धमाके ने पूरा इलाका दहलाया:** बताया जा रहा है कि घटना सुबह लगभग पौने सात बजे हुई। एक तेज धमाका पूरे इलाके में सुनाई दिया। जिससे दहशत फैल गई। पता चला कि विस्फोटक बनाने वाली कंपनी में नोनाल क्रिम्पिंग प्लांट में यह धमाका हुआ है। फैक्ट्री में सुबह की शिफ्ट 6 बजे शुरू होती है। यहां काम करने वाले वर्कर्स सुबह 6 बजे फैक्ट्री पहुंचे थे।

### डेडोनेटर और कारतूस बनाती है कंपनी

यह कंपनी औद्योगिक विस्फोटकों की प्रमुख निर्माता है, जिसमें खनन और अवसंरचना परियोजनाओं में उपयोग होने वाली सामग्री, जैसे कि डेटोनेटर और विस्फोटक कारतूस शामिल हैं। दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं, जबकि कलमेश्वर पुलिस ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। स्थानीय एम्बुलेंस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए नागपुर शहर के अस्पतालों में पहुंचाया। पुलिस महानिरीक्षक संदीप पाटिल, जिला कलेक्टर विपिन इटांकर नेतृत्व में पुलिस दल राहत कार्यों की निगरानी के लिए पहुंचा।

### मेट्रो एंकर

### होली के त्यौहार पर भद्रा और चंद्रग्रहण की वजह से फैला भ्रम दूर कर रहे हैं विशेषज्ञ

## तीन मार्च की सुबह होगा होलिका दहन, चार को उड़ेगा रंग - गुलाल

आम तौर पर फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा को होलिका दहन होता है और अगले दिन रंग खेला जाता है। लेकिन इस साल खगोलीय घटनाओं के कारण परंपरा में बदलाव करना पड़ रहा है। वजह है भद्रा और साल का पहला चंद्र ग्रहण। इसी वजह से त्यौहार को शुद्ध रूप में मनाने के लिए कुछ परिवर्तन होंगे। समाज को एक सूत्र में बांधने का उत्सव होली मनाने के लिए इस वर्ष फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा 2 मार्च को सायंकाल 4.24 पर प्रवेश करेगी। और इसी समय भद्रा का भी प्रवेश हो जाएगा। अतः जो शुद्ध मुहूर्त है इसके बारे में कतिपय पंचांगों के द्वारा कुछ भ्रम की स्थिति पैदा की गई है। लेकिन दृश्य गणित और सुख ज्योतिष गणना के आधार पर यह निर्धारण किया गया है कि भद्रा के उपरांत ही होलिका दहन 2 मार्च की पूरी रात्रि निकालने के बाद 3 मार्च की सुबह 5.00 से लेकर 6.33 तक करना श्रेष्ठ रहेगा।



पंडित विष्णु राजौरिया
ज्योतिषाचार्य



यह तो रही होलिका दहन की बात। अब चर्चा रंग - गुलाल के पर्व धुलेंडी की। 3 मार्च को खग्रास चंद्र ग्रहण पढ़ने वाला है, इसलिए इसे लेकर भी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। यह ग्रहण दिन में 3.20 से लेकर सायंकाल 6.44 तक निरंतर रहेगा। भारत भूमि पर यह ग्रहण केवल 17 से 24 मिनट की अवधि में दिखाई देगा। अतः ग्रहण के सूतक का पालन भी हमको करना है जो दृश्य गणित के अनुसार 3 मार्च को प्रातः 9.14 पर प्रारंभ हो जाएगा। सूतक में एक दूसरे को स्पर्श करना, भगवान का प्रतिमा अभिग्रह का स्पर्श करना और खान-पान वर्जित रहता है। पूर्णिमा तिथि भी 3 तारीख को सायंकाल 5.24 तक विद्यमान रहेगी। सायंकाल 6.44 बजे ग्रहण के मोक्ष का समय है। ग्रहण मोक्ष के उपरांत मंदिरों के पट पुनः पवित्र कर खोले जाएंगे और पूजन आरती सब प्रारंभ होगी। अगले दिन 4 मार्च को उदयकालीन प्रतिपदा में धूलंडी का पर्व संपूर्ण दिवस मनाया जाएगा। उस समय वातावरण पूर्णतः शुद्ध रहेगा। प्रतिपदा तिथि दिन भर रहेगी अतः रंगों का पर्व 4 तारीख को ही मनाया जाना उचित होगा।



## भानपुर से अब आदमपुर शिफ्ट हुआ कचरा

# नगर निगम ने नए एड्रेस पर छह लाख टन का पहाड़ किया खड़ा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी भोपाल में 'लिगेसी वेस्ट' खत्म करने के दावों के बीच हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। नगर निगम ने समाधान निकालने के बजाय कचरे का सिर्फ 'पता' बदला है। 2 जनवरी 2018 से शहर का कचरा भानपुर खंती के बजाय आदमपुर छावनी भेजना शुरू किया गया और 25 जनवरी 2018 को भानपुर खंती पर ताला लगा दिया गया। कागजों में भानपुर को साफ दिखाने की कवायद में कचरे को एक ढेर से दूसरे ढेर में शिफ्ट कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि अब आदमपुर खंती में करीब छह लाख टन कचरे का नया पहाड़ खड़ा हो गया है।

### नियम की चुनौती सामने

देशभर में लागू होने जा रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत नगर निकायों के लिए कचरे का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक निपटान और डंपिंग साइट्स का पूर्ण उपचार अनिवार्य है। मानक इतने सख्त हैं कि तय समय सीमा में कचरे के पहाड़ खत्म नहीं होने पर भारी पर्यावरणीय जुर्माना लग सकता है। भोपाल नगर निगम के सामने चुनौती इसलिए भी बड़ी है क्योंकि आदमपुर में कचरे का ढेर कम होने के बजाय हर दिन बढ़ रहा है। शहर से रोजाना लगभग 850 टन कचरा निकलता है, लेकिन सिर्फ 150 टन का ही निस्तारण हो पाता है। 60-70 टन कचरा रोज खुले में पड़ा रह जाता है।

### सिर्फ 'शिफ्टिंग' का खेल

निगम ने भानपुर खंती बंद करने का श्रेय तो लिया, लेकिन वहां जमा कचरे को वैज्ञानिक तरीके से नष्ट करने के बजाय आदमपुर और अन्य खाली भूखंडों में स्थानांतरित कर दिया। ट्रोमेल मशीन और आरडीएफ प्लांट जैसी तकनीकें अब तक फाइलों और ट्रायल रन तक ही सीमित हैं। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि आदमपुर खंती के कचरे के निस्तारण का प्रस्ताव एमआईसी में भेजा गया है और स्वीकृति के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल हकीकत यही है कि समस्या का स्थायी समाधान अभी दूर है और कचरे का पहाड़ हर दिन ऊंचा होता जा रहा है।

### बस्ती के पास बढ़ता खतरा

आदमपुर खंती में जमा छह लाख टन कचरा अब आसपास की आबादी के लिए मुसीबत बन चुका है। कचरे के ढेर से महज 150 से 200 मीटर की दूरी पर घनी बस्ती है, जहां सैकड़ों लोग रहते हैं। कचरे से निकलने वाला जहरीला लीचेट और सड़ांध लोगों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर पर असर डाल रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसात में हालात और खराब हो जाते हैं।

## निजी डेवलपर करेंगे निर्माण, रेलवे को मिलेगा हिस्सा

# रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर बनेंगे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

रेलवे अब अपनी गैर किराया आय बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। इसी कड़ी में रेलवे की खाली पड़ी जमीन पीपीपी मॉडल पर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे न सिर्फ रेलवे की गैर-किराया आय बढ़गी, बल्कि आम जनता व रेलवे कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकेंगी।

भोपाल मंडल सहित पश्चिमी मध्य रेलवे जोन में इस प्रोजेक्ट के लिए उन जमीनों को चिह्नित किया जा रहा है, जो वर्षों से खाली पड़ी हैं और जिनका व्यावसायिक उपयोग संभव है। इन जमीनों को रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) के माध्यम से निजी डेवलपर्स को दिया जाएगा। डेवलपर अस्पताल का निर्माण और संचालन करेगा, जबकि उससे होने वाली आय का एक हिस्सा रेलवे को मिलेगा।

### टिकट बिक्री व माल ढुलाई पर ही निर्भरता नहीं रहेगी

अब तक रेलवे की आय मुख्य रूप से टिकट बिक्री और माल ढुलाई पर निर्भर रही है, लेकिन बढ़ती लागत और बेहतर सुविधाओं की जरूरत को देखते हुए रेलवे ने अपनी आमदनी के नए रास्ते खोलने का फैसला किया है। रेलवे का लक्ष्य है कि गैर-किराया आय को आने वाले वर्षों में कई गुना बढ़ाया जाए, ताकि यात्री सुविधाओं, सुरक्षा और अधोसंरचना में और निवेश किया जा सके।




### रेलकर्मियों को भी फायदा

अधिकारियों के अनुसार, इस योजना से रेलवे कर्मचारी और उनके परिवारों को भी लाभ मिलेगा। अस्पतालों में रेलवे कर्मियों के लिए विशेष सुविधाएं या प्राथमिकता तय की जा सकती है। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। रेलवे बोर्ड ने पहले चरण में कुछ जोनल रेलवे को इस मॉडल में शामिल किया है।

### शॉपिंग मॉल भी बन चुका

इससे पहले रेलवे की कुछ जमीनें व्यावसायिक उपयोग, जैसे शॉपिंग मॉल और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लिए दी जा चुकी हैं। इसका प्रमुख उदाहरण रानी कमलापति स्टेशन के पास रेलवे भूमि पर बना शॉपिंग मॉल है। अब रेलवे का फोकस मुनाफे के साथ-साथ सामाजिक जरूरतों को पूरा करने पर होगा।

### अब जनहित को प्राथमिकता देने की नीति

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया के अनुसार, रेलवे अपनी भूमि के उपयोग में जनहित को प्राथमिकता देने की नीति पर बढ़ रहा है। भविष्य में इसका उपयोग हॉस्पिटल व अन्य जनोपयोगी कार्यों के लिए किया जाएगा।

# रेल वन सुपरऐप ने किया दो करोड़ डाउनलोड का आंकड़ा पार

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

रेलवे द्वारा की लाई नई सुपर ऐप रेलवन ने 2 करोड़ डाउनलोड का आंकड़ा पार कर लिया है। इसमें प्रतिदिन लगभग 6 लाख टिकट बुकिंग की सुविधा प्रदान करता है। इस ऐप के जरिए आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफॉर्म टिकट बुकिंग, पीएनआर और ट्रेन पूछताछ समेत कई सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर एकीकृत करता है, जो कि उपयोगकर्ता को विश्वास दिलाता है। भारतीय रेलवे के इस सुपरऐप रेल वन से प्रतिदिन 5 लाख टिकटों की बुकिंग की जा रही है। रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) से विकसित इस ऐप को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 1 जुलाई 2025 को जारी किया था। तब से, देश भर के रेल यात्रियों के बीच इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के डिजिटल परिवर्तन और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

### एप पर मिलती है आरक्षित, अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुकिंग समेत कई सुविधाएं



## रंग, स्वाद और रोजगार का संगम, भोपाल में होली मेले का आयोजन

# महिलाओं ने ऑर्गेनिक गुलाल, महुआ के लड्डु बनाएं

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

शहर में आजीविका दीदियों ने रंग और रोजगार का अनोखा संगम रचा है। डीबी मॉल के पास भोपाल हाट में 21 फरवरी से 2 मार्च तक आजीविका मार्ट के रूप में होली मेला लगाया गया है। इस मेले का उद्देश्य आजीविका समूहों की महिलाओं को बाजार उपलब्ध कराना, उनके उत्पादों को पहचान दिलाना और लोगों को शुद्ध व घरेलू सामान उपलब्ध कराना है। यहां मध्य प्रदेश के कई जिलों से आई जीविका दीदियां अपने हाथों से बने उत्पाद बेच रही हैं।

मेले में हैंडलूम उत्पाद, ऑर्गेनिक गुलाल और अलग अलग जिलों के पारंपरिक खान पान की व्यवस्था की गई है। यहां पहुंचने वाले लोगों को एक ही स्थान पर पूरे प्रदेश की संस्कृति और स्वाद की झलक देखने को मिल रही है। बालाघाट से आई आजीविका दीदियों ने बताया कि होली के लिए पूरी तरह ऑर्गेनिक गुलाल तैयार किया गया है। गुलाल बनाने के लिए पहले अरारोट या पलाश के फूल को सुखाया जाता है। फिर उसमें अलग-अलग रंग बनाने के लिए तरह-तरह के प्राकृतिक सामग्री



मिलाते हैं जैसे- पीला रंग बनाने के लिए हल्दी और बेसन, लाल रंग के लिए चुकंदर।

दीदियों का कहना है कि इस गुलाल से किसी प्रकार का रिएक्शन नहीं होता क्योंकि इसमें कोई केमिकल नहीं मिलाया जाता। पर्यावरण और त्वचा दोनों के लिए यह सुरक्षित है। सीधी जिले से आई जीविका दीदियों ने महुआ के लड्डू तैयार कर लाए हैं। उनका कहना है कि यदि इन लड्डुओं का नियमित सेवन किया जाए तो जोड़ों के दर्द, सांस फूलने और कमजोरी जैसी समस्याओं में राहत मिल सकती है।

**अनूपपुर से आया कोदो के बिस्किट:** अनूपपुर और अन्य जिलों से आई दीदियां कोदो के बिस्किट लेकर आई हैं। एक जीविका दीदी ने बताया कि कोदो सीधे किसानों से लिया जाता है, उसे साफ कर हाथों से बिस्किट तैयार किए जाते हैं। इसमें किसी प्रकार का मिलावटी पदार्थ नहीं मिलाया जाता।

**शुद्ध मसाले, खोया और घर की बनी गुजिया भी उपलब्ध:** मेले में ऑर्गेनिक और शुद्ध मसाले, खोया और खोए की गुजिया भी उपलब्ध है। पारंपरिक तरीके से तैयार की गई इन मिठाइयों की मांग काफी देखी जा रही है। भोपाल हाट पहुंचे धर्मेंद्र सेठ ने बताया कि इस होली मेले की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां घर का बना सामान मिल रहा है। आज मिलावट के दौर में शुद्ध खान पान की चीजें मिलना कठिन है, लेकिन यहां भरोसे के साथ खरीदारी की जा सकती है।

**रंगों के साथ रोजगार का भी उत्सव:** यह होली मेला केवल खरीद बिक्री का केंद्र नहीं बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की मिसाल भी है। आजीविका मार्ट के माध्यम से आजीविका समूहों की महिलाओं को अपनी कला और मेहनत दिखाने का मंच मिला है।

# नंदीश्वर जिनालय में लगी हजारों साल पुराने जैन ग्रंथों की प्रदर्शनी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

लालघाटी स्थित नंदीश्वर जिनालय सिद्ध चक्र महामंडल विधान के दौरान श्रद्धालु भगवान सिद्ध की आराधना कर रहे हैं। भगवान जिनेंद्र का अभिषेक पूजा अर्चना और जिनालय परिसर में बने विधानमंडल अरघ अर्पित किया जा रहा है। विधान के प्रमुख पात्र बने इंद्र इंद्राणियों ने मंडल पर श्रीफल अर्पित किए। नंदीश्वर जिनालय परिसर में हजारों हजारों वर्ष पुराने प्राचीन ग्रंथ जो कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों की सबसे बड़ी संपदा है में प्रदर्शनी लगाई है, जिसका अवलोकन श्रद्धालु कर रहे हैं। पंडित संदीप सरल के निर्देशन में प्रदर्शनी में लगभग 1300 वर्ष प्राचीन दुर्लभ ताड़ पत्र ग्रन्थ, 700 वर्ष प्राचीन स्वर्ण अंकित ग्रन्थ और प्राचीन पोस्ट कार्ड साइज पर तत्त्वार्थ सूत्र के साथ ही एरावत हाथी सुमेरु पर्वत के प्राचीन चित्रों का विमोचन किया गया।

## होली का उत्साह...



भोपाल के अशोका गार्डन स्थित एक होस्टल में छात्राओं ने होली खेली।

# हर आयोजन का रजिस्ट्रेशन होगा गो काष्ठ से होलिका दहन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में इस बार होली पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगी। राज्य शासन ने पहली बार होलिका दहन में लकड़ी की जगह गो-काष्ठ के उपयोग को लेकर आदेश जारी किए हैं। जीएडी के एसीएस संजय कुमार शुक्ला ने संभागायुक्तों व कलेक्टरों को निर्देश भेजे हैं कि इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। पहली बार सार्वजनिक होलिका दहन के लिए अनिवार्य पंजीयन लागू किया गया है। सभी आयोजनों का तहसील, नगरीय निकाय और पंचायत स्तर पर फ्री रजिस्ट्रेशन होगा। आयोजकों की पूरी जानकारी दर्ज की जाएगी। गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को अब राज्यस्तरीय नीति बनाया गया है। पूरी तरह गो-काष्ठ अपनाने वाली संस्थाओं को जिला स्तर पर पुरस्कार दिया जाएगा। होलिका दहन के दिन मैदानी अमला मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन करेगा कि वास्तव में गो-काष्ठ का ही उपयोग हुआ है या नहीं।

# खाद्य विभाग के अमले ने मिठाई दुकानों पर मारा छापा, नमूने लिए

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

खाद्य विभाग की टीम ने राजधानी में एक दर्जन से ज्यादा खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान अलग-अलग दुकानों से खाद्य सामग्री के सैंपल भी लिए। साथ ही कुछ नमूनों की मौके पर ही जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को मनोकांशा गृह उद्योग जहांगीराबाद से गुजिया, नमकीन, मावा बर्फी, ऑनडोर कोलार से नमकीन और दाल, बृज स्वीट्स एन्ड डेयरी कोलर से मावा और रसगुल्ला, देवनारायण स्वीट्स कोलार से बर्फी, जैन डेयरी कोलार से मावा और पनीर, हीरा स्वीट्स कोलार से गुजिया, नमकीन, बर्फी, मावा, राम वेंचर्स कोलार काबुल कन्फेक्शनरी का निर्माण स्थल से गुजिया व मावा, राजस्थान मिष्ठान भंडार शैतान सिंह मार्केट से मिल्क केक, रसगुल्ला, मलाई टिकिया नमकीन एवं मटरी, गागर स्वीट्स, नंबर मार्केट से मिल्क केक, मलाई बर्फी के सैंपल लिए। इसके अधिक चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से 30 नमूनों की मौके पर ही जांच की गई।

## मेट्रो एंकर

## उत्कृष्ट नवाचारों के लिए 35 विजेता युवा वैज्ञानिकों को किया पुरस्कृत

# जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें और उसी पर ध्यान केंद्रित करें: सिंह

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राजधानी के भवन में 41वें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक कांग्रेस पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट नवाचारों के लिए 35 विजेता युवा वैज्ञानिकों को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद समाज में वैज्ञानिक सोच को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य विज्ञान के माध्यम से राज्य के समग्र विकास को बढ़ावा देना और समाज में वैज्ञानिक सोच को सशक्त बनाना है। इसके लिये संस्था वैज्ञानिक परियोजनाओं को प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान करती है, विद्यार्थियों और युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों,



विज्ञान मेलों और प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है। इसके साथ पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और सतत विकास से संबंधित गतिविधियां संचालित करती है। इस अवसर पर भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और उसी लक्ष्य पर पूर्ण समर्पण के साथ ध्यान केंद्रित करें। यदि छात्र दृढ़ निश्चय, निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे, तो वे निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम में 41 वीं युवा वैज्ञानिक सम्मेलन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किये गये। इन विजेताओं की संख्या 35 रही। यह पुरस्कार विज्ञान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया गया था। मानसी चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत किया गया 'विज्ञान का पिटारा' कार्यक्रम में विभिन्न विज्ञान के रोचक पहलुओं को दर्शाया गया और दर्शकों को नई जानकारियों से अवगत कराया गया। वहीं दूसरी ओर आईआईटी, बीएचयू वाराणसी के विशेषज्ञ मनोहर कुमार और उनकी टीम ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित विषय पर आधारित एक लाइव शो किया। जिसमें विभिन्न विज्ञान आधारित प्रयोगों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।

# कोलार के ललिता नगर में खुला निशुल्क कोचिंग सेंटर



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मानव अधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑर्गेनाइजेशन द्वारा कोलार क्षेत्र के ललिता नगर में निशुल्क कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर अवस्थी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संगठन के अनुसार कोचिंग सेंटर आगामी 12 महीनों तक निशुल्क संचालित किया जाएगा, जिससे जरूरतमंद विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। सेंटर के संस्थापक रवि पाराशर ने इसे समाजहित में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में स्थानीय रहवासी और संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

HPV वैक्सीन अभियानः ह्यूमन पैपिलोमा वायरस रोधी टीकाकरण अभियान की शुरुआत

# बेटियों की सुरक्षा का कदम : 8 लाख किशोरियों को लगेगा निशुल्क टीका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की दिशा में मध्य प्रदेश ने अहम पहल की है। प्रदेशभर में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस रोधी टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई। पहले चरण में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की करीब आठ लाख किशोरियों को वैक्सीन की एकल डोज निःशुल्क लगाई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने इसे बेटियों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। केंद्र सरकार से 7 लाख 58 हजार 500 डोज प्रदेश को प्राप्त हो चुकी हैं। यह टीका 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को लगाया जाएगा। बाज़ार में लगभग चार हजार रुपये कीमत वाला यह टीका चिन्हित शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। अभियान आगामी तीन माह तक संचालित होगा।

वहीं उप मुख्यमंत्री (स्वास्थ्य) ने कहा कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है। आंकड़ों के अनुसार, एक लाख महिलाओं में लगभग 156 महिलाएं इस बीमारी से प्रभावित होती हैं।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मध्यप्रदेश में एचपीवी टीकाकरण अभियान शुभारंभ अवसर पर नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित किया।

## 'मिशन मधुहारी' से टाइप-1 डायबिटीज मरीजों को राहत

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित बच्चों और युवाओं के लिए 'मिशन मधुहारी' की शुरुआत की घोषणा भी की। इस मिशन के तहत प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में साप्ताहिक विशेष क्लीनिक संचालित होंगे, जहां इंसुलिन की उपलब्धता, ब्लड ग्लूकोज जांच, विशेषज्ञ परामर्श और नियमित फॉलोअप एक ही स्थान पर मिलेगा। मिशन के तहत 16 जिलों के 759 किशोर-किशोरियों को टाइप-1 डायबिटीज किट वितरित की जा रही है। इसमें ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स और आवश्यक उपकरण शामिल हैं, ताकि बच्चे नियमित जांच कर बीमारी को नियंत्रित रख सकें। प्रदेश सरकार का यह संयुक्त अभियान (HPV टीकाकरण और 'मिशन मधुहारी') किशोरियों और युवाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा कवच को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

टीकाकरण की प्रक्रिया और जरूरी निर्देशः प्रदेश में टीकाकरण प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। यह स्वैच्छिक है, लेकिन अभिभावक की सहमति अनिवार्य होगी। अभियान शुरू होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिकाएं भी पात्र मानी जाएंगी। करीब 471 स्वास्थ्य केंद्रों, मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीकाकरण होगा। सभी पात्र किशोरियों का पंजीयन यू-विन पोर्टल पर किया जाएगा। पहचान-पत्र और अभिभावक के मोबाइल नंबर से स्वयं पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध है। टीका लगाने के बाद बालिका को 30 मिनट तक स्वास्थ्य केंद्र में निगरानी में रखा जाएगा। डॉक्टरों के अनुसार, इंजेक्शन स्थल पर हल्का दर्द, सिरदर्द या थकान जैसे सामान्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जो शीघ्र ठीक हो जाते हैं। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि बालिका खाली पेट न हो।

मिशन 2028 : मध्य प्रदेश में मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने

# सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स को आगे करेगी कांग्रेस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

संगठन सृजन अभियान के साथ ही जन-जन तक पहुंच बढ़ाने के लिए कांग्रेस नए-नए प्रयोग कर रही है। इसमें तकनीक के बदलते दौर की दृष्टि से सोशल मीडिया के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने की रणनीति है। इसके लिए बड़ा प्रयास यह कि पार्टी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसरों का सहयोग लेने जा रही है। इनकी संख्या हजारों में होगी।

शुरुआत में लगभग 250 को चिह्नित भी कर लिया गया है। यह ऐसे लोग हैं जिनके सोशल मीडिया में बड़ी संख्या में फालोअर्स हैं। लेखन अच्छा है, कांग्रेस विचारधारा की ओर झुकाव है। ये इंफ्लूएंसर अपने वाल, हैंडल आदि पर लिखेंगे। कांग्रेस के बड़े नेताओं के जन्मदिवस, पुण्यतिथि, बड़े आयोजन, चुनाव, पार्टी की रीति नीति, त्वरित मुद्दों पर लिखेंगे। पार्टी ने ऐसे लोगों को खोजने के लिए कई महीने तक उनके सोशल मीडिया पोस्ट देखे। इसमें सामने आया कि उनकी पोस्ट पर बड़ी संख्या में लोगों की प्रतिक्रियाएं आती हैं।

## भाजपा भी इंफ्लुएंसरों को जोड़ रही

भाजपा भी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसरों को अपने साथ जोड़ रही है। हाल ही में भोपाल में पार्टी के सभी विधायकों के सोशल मीडिया हैंडलर्स का प्रशिक्षण हुआ था। इसमें उन्हें कहा गया था कि विधानसभा क्षेत्र, तहसील, मंडल से लेकर गांव-गांव तक जो छोटे-छोटे इंफ्लुएंसर हैं उन्हें भाजपा की विचारधारा से जोड़ा जाए, जिससे पार्टी की गतिविधियां निचले स्तर तक पहुंच सकें। इसके अतिरिक्त पार्टी के आइटी विभाग का अपना अलग नेटवर्क है।



## हर जिले में रहेगी इंफ्लूएंसरों की टीम

समसामयिक विषयों और राजनीति की समझ भी अच्छी है। यह भी पता चला कि उनका झुकाव कांग्रेस की तरफ है, ऐसा नहीं है तो भी भाजपा विरोधी हैं। इसके बाद पार्टी ने इन लोगों से संपर्क किया और तैयार किया। हर जिले के लिए पांच से 10 इंफ्लूएंसरों की टीम रहेगी। विधानसभा चुनाव के पहले तक इनकी संख्या बढ़ाने का भी लगातार प्रयास किया जाएगा। प्रदेश संगठन इनके सतत संपर्क में रहेगा। कोशिश की जाएगी की सभी अलग-अलग विषयों पर अपनी बात पोस्ट करें। कांग्रेस में पहली बार इस तरह का प्रयोग हो रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए पार्टी ग्राम पंचायत स्तर तक सोशल मीडिया का नेटवर्क तैयार कर रही है। 25 सदस्यों वाली पंचायत समितियां में एक व्यक्ति सोशल मीडिया के लिए भी काम करेगा। उसके पास बूथ स्तर तक सभी मतदाताओं का डाटा रहेगा। इसी तरह से शहरी क्षेत्रों में मोहल्ला स्तर तक भी सोशल मीडिया का प्रभारी बनाया जाएगा।

## न्यूज विंडो

### सिंगरौली-सीधी में एलिफेंट कॉरिडोर अब तक क्यों नहीं हुआ अधिसूचितः एनजीटी





**भोपाल।** सिंगरौली-सीधी में एलिफेंट कॉरिडोर(हाथी गलियारा) की अधिसूचना अब तक जारी नहीं किए जाने के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) नई दिल्ली की मुख्य पीठ ने केंद्र सरकार, मध्य प्रदेश सरकार और अदाणी ग्रुप को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।एनजीटी ने मई 2025 में अदाणी ग्रुप को हुए कोयला ब्लाक आवंटन की पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब मांगा है। केंद्र सरकार एवं नेशनल वाइल्डलाइफ बोर्ड से भी जवाब मांगा है कि सीधी सिंगरौली में पूर्व के हाई कोर्ट एवं एनजीटी के पूर्व के आदेशों के बाद भी आज तक एलिफेंट कॉरिडोर क्यों नहीं अधिसूचित हुआ। एनजीटी के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव एवं न्यायमूर्ति अफरोज अहमद की युगल पीठ ने पर्यावरणविद् अजय दुबे की याचिका पर यह नोटिस जारी करते हुए प्रकरण की अगली सुनवाई 22 अप्रैल 2026 निर्धारित की हैं। याचिका में कहा गया है कि अदाणी कोयला ब्लाक को सिंगरौली के अत्यंत घने जंगलों में 1500 हेक्टेयर भूमि कोयला माइनिंग के लिए आवंटित कर दी गई, जिसमें सभी नियमों को दरकिनार करते हुए पर्यावरणीय अनुमति भी दे दी गई।

### रेलवे में अप्रेंटिस के 5349 पदों पर भर्ती, 10वीं पास को मौका



**भोपाल।** पश्चिमी रेलवे में 5349 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। खास बात यह है कि इस भर्ती में किसी भी प्रकार की लिखित परीक्षा नहीं होगी।चयन पूरी तरह 10वीं और आईटीआई अंकों के औसत के आधार पर मेरिट से किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया 21 फरवरी 2026 सुबह 11 बजे से शुरू हो चुकी है और इच्छुक अभ्यर्थी 23 मार्च 2026 शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन आधिकारिक वेबसाइट RRC Western Railway www.rrc-wr.com उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 15 वर्ष होनी चाहिए, जबकि अधिकतम आयु 24 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित वर्गों को नियमानुसार छूट दी जाएगी–एससी/एसटी को 5 वर्ष, ओबीसी को 3 वर्ष और पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट मिलेगी। आवेदक का 10वीं (मैट्रिक) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। साथ ही संबंधित ट्रेड–फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, वायरमैन, पाइप फिटर, प्लंबर, स्टेनोग्राफर आदि में एनसीवीटी से मान्यता प्राप्त संस्थान से आईटीआई प्रमाणपत्र होना जरूरी है। जो अभ्यर्थी अभी 10वीं या आईटीआई के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं, वे आवेदन के पात्र नहीं होंगे। इंजीनियरिंग ग्रेजुएट और डिप्लोमा धारक भी इस भर्ती के लिए योग्य नहीं हैं।

प्रदेश पुलिस की अवैध हथियारों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

# ग्वालियर, जबलपुर से 10 अवैध हथियार एवं 270 से अधिक कारतूस जब्त, आठ गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश पुलिस अवैध हथियारों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कार्यवाही के तहत पुलिस ने विगत 3 दिनों में ग्वालियर एवं जबलपुर जिले से 10 अवैध फायर आर्म्स, 270 से अधिक जिंदा कारतूस जप्त कर 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक चार पहिया वाहन भी जप्त किया है।



**ग्वालियर :थाना** सिरोल, थाना ग्वालियर एवं थाना डबरा देहात पुलिस ने अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सिरोल पुलिस ने हुरावली क्षेत्र में दबिश देकर एक पुस्तैनी मकान से 03 रायफल (315 बोर), 02 पिस्टल (32 बोर), 01 कट्टा (315 बोर) सहित अवैध हथियार जप्त किए है। साथ ही 315, 32 एवं 306 बोर के 97 से अधिक जिंदा कारतूस तथा मैग्जीन भी जप्त की गई।थाना ग्वालियर पुलिस ने तुलसी विहार कॉलोनी से एक आरोपी को देशी कट्टा एवं जिंदा राउंड सहित गिरफ्तार किया।थाना डबरा देहात पुलिस ने पिस्टल की नोक पर महिला का अपहरण करने वाले 02 आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर अपहृता महिला को सकुशल दस्तयाब किया तथा घटना में प्रयुक्त ईको वाहन एवं देशी पिस्टल मय मैग्जीन जप्त की।

**जबलपुरः** थाना गोसलपुर तथा थाना लार्डगंज पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के तहत पुलिस ने 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया । आरोपियों के कब्जे से 01 पिस्टल, 01 देशी कट्टा, कुल 174 नग कारतूस एवं 01 कार जप्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध कठोर एवं सतत कार्यवाही जारी है।

# प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ खेती करें: राज्य मंत्री पटेल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि समृद्धि, किसानों की आय में वृद्धि के साथ पर्यावरण अनुकूल एवं स्वास्थ्य परक कृषि विकास को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जैविक और प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की लागत कम करती है, बल्कि भूमि की उर्वरता बनाए रखते हुए सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्यान्न उत्पादन सुनिश्चित करती है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ खेती करें। राज्य मंत्री पटेल आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोगामुख, असम में जैविक एवं प्राकृतिक खेती द्वारा सतत आजीविका' विषय पर आयोजित



किसान मेला में शामिल हुए। मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आए 1,500 से अधिक पंजीकृत किसानों ने भाग लिया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोगामुख असम के निदेशक डॉ. निवास राव ने संस्थान द्वारा विकसित नवीन कृषि तकनीकों, अनुसंधान उपलब्धियों एवं किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच निरंतर संवाद ही कृषि क्षेत्र की वास्तविक प्रगति का आधार है।

# ऑपरेटर्स ने वापस लिया फैसला, बस हड़ताल रद्द

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

परिवहन विभाग की नई नीति और टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में 2 मार्च से प्रस्तावित बस हड़ताल को वापस ले लिया गया है। सीएम डॉ. मोहन यादव और बस ऑपरेटर एसोसिएशन के बीच हुई सकारात्मक चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। सरकार ने विवाद की मुख्य वजह बने दोनों हालिया नोटिफिकेशन्स को फिलहाल 'होल्ड' कर दिया है, जिससे अब प्रदेश भर में बसों का संचालन पूर्ववत जारी रहेगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक ग्रामीण अंचल तक यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर टैक्स वृद्धि और परमिट व्यवस्था से जुड़े दोनों प्रस्तावों को स्थगित कर दिया गया है। अब बस ऑपरेटर एसोसिएशन की मांगों पर विचार करने और संशोधन करने के बाद ही इन्हें दोबारा जारी किया जाएगा।

400 करोड़ रुपये से अधिक आएगा खर्च

# यूनियन कार्बाइड परिसर में ओपन थिएटर बनाने की तैयारी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदियों में शुमार 1984 की गैस त्रासदी का साक्षी रहा भोपाल का यूनियन कार्बाइड परिसर अब नए स्वरूप में विकसित किए जाने की तैयारी में है। राज्य सरकार यहां ओपन थिएटर, रिहायशी और व्यावसायिक परिसर के साथ एक अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्र विकसित करने की योजना बना रही है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि परिसर में लगभग सात से 10 एकड़ क्षेत्र में गैस त्रासदी पीड़ितों की स्मृति में भव्य स्मारक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 17 जनवरी को स्थल का निरीक्षण कर इस दिशा में संकेत दिए थे। हालांकि, स्मारक निर्माण का प्रस्ताव पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल से लंबित है, जिसे अब नए सिरे से आगे बढ़ाया जा रहा है।

सरकार अब इस परियोजना को पुनर्घनत्वीकरण (रीडेंसिफिकेशन) योजना के तहत विकसित करने पर विचार कर रही है। प्रस्ताव को मुख्यमंत्री की स्वीकृति मिलने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी।

## मिट्टी का परीक्षण

स्मारक निर्माण से पहले परिसर की मिट्टी का परीक्षण राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी), नागपुर से पुनः कराया जाएगा। करीब 10 वर्ष पूर्व भी यहां परीक्षण हो चुका है। जनवरी 2025 में हाईकोर्ट के निर्देश पर 337 टन जहरीले कचरे को पीथमपुर भेजकर वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया गया था।

## आधारभूत ढांचे पर जोर

परिसर में पहले सड़क, ड्रेनेज और जल प्रदाय व्यवस्था विकसित की जाएगी। वर्तमान में यहां फैक्ट्री का लोहे का ढांचा और प्रशासनिक भवन मौजूद हैं, जिन्हें हटाया जाना है। प्रस्तावित स्मारक में संग्रहालय, कांच से सुरक्षित प्रदर्शनी स्थल और प्रशासनिक भवन शामिल होंगे, जबकि अनुसंधान केंद्र में लैब, सभागार और छात्रावास जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

स्मारक निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि परिसर में प्रस्तावित आवासीय और व्यावसायिक विकास से जुटाई जाएगी।

**मेट्रो एंकर**

वन्य जीवों के पुनर्स्थापन में मप्र बन गया है देश का आदर्श माडल : मुख्यमंत्री

# असम से लाएंगे जंगली भैंसा, नदियों में घड़ियाल और कछुए छोड़ेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध वन सम्पदा का अनुपम केन्द्र है। नदियों के मायके के रूप में ख्याति पा चुके मध्यप्रदेश में वन्यजीवों की कोई कमी नहीं है। फिर भी मध्यप्रदेश की धरती को नाना प्रकार के वन्यजीवों से समृद्ध करने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही है। कूनो नेशनल पार्क में चीतों का पुनर्स्थापन इसी दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है।



मुख्यमंत्रीने कहा कि आज का दिन इतिहास के लिए बड़ा अलग प्रकार का है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2022 से एक अद्वितीय निर्णय हुआ जब समूचे एशिया से चीता गायब हो गए थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर केन्द्रीय वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने 2022 में मध्यप्रदेश को चीतों का नया घर बनाने का जो निर्णय लिया आज उसकी अगली कड़ी में बोत्सवाना में राष्ट्रपति जी को जो उपहार में चीते मिले, वो चीतों का आज पुनः बसाहट का काम हुआ और आनंद की बात यह है कि 8 चीते देने की बात की थी और 9वां चीता भी लेकर के आए। आज की स्थिति में इन 9 चीतों को मिलाकर मध्यप्रदेश में अब 48 चीते हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को स्टेट हैंगर पर मीडिया से चर्चा में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रकृति के साथ मनुष्य के संबंध के बेहतर परिणाम आए हैं कि हमने अपने वन्यप्राणी चीतों की बसाहट के लिए दुनिया के सामने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार से भारत में चहुंमुखी प्रगति प्रतिभा और चहुंमुखी विकास के दर्शन हो रहे है ऐसे प्रकृति का भी एक बहुत अनुपम उदाहरण बना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं केन्द्रीय वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव का अभिनंदन करता हूँ। मध्यप्रदेश की धरती पर ऐसे कई और प्रयोग हम लगातार करने वाले हैं। आने वाले समय में असम से जंगली भैंसे आयेंगे। कल घड़ियाल और कछुए को हम छोड़ने वाले हैं। ऐसे सभी प्रकार के वन्य प्राणियों के साथ सभी प्रकार के थलचर, जलचर, नवचर, कुछ दिन पहले गिद्ध छोड़कर अपने देश के अंदर के गिद्धों का और एशिया महाद्वीप से आगे बढ़कर रशिया से आगे आने वाले गिद्ध को भी हमने अपने यहां छोड़कर, उन संबंधों के साथ प्रकृति के साथ रिश्ता बनाने का प्रयास किया है।



## वर्क लाइफ बैलेंस

# दिनचर्या बदलने की जरूरत

# काम के साथ खुद को भी समय दें

**ज्यादातर लोग पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस नहीं बना पाने से परेशान हैं। कोई घर में भी ऑफिस का काम करता है तो कोई काम-काज के बीच में झपकियां लेता है। इन चीजों से बचने के लिए वर्क लाइफ बैलेंस बनाना बहुत जरूरी है। इससे आप अपनी मेंटल हेल्थ का भी ख्याल रख सकते हैं।**

घर और काम की दोहरी जिम्मेदारियों को संभाल पाना आसान नहीं है। इसके लिए सही टाइम मैनेजमेंट करना जरूरी है। अगर आप घर में भी ऑफिस का काम करते हैं या ऑफिस टाइमिंग में घर की बातों से परेशान रहते हैं तो अब खुद को बदलने की जरूरत है। हर लाइफ कोच वर्क लाइफ बैलेंस पर फोकस जरूर करता है। वर्क लाइफ बैलेंस से मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहती है।

फील्ड चाहे जो भी हो, काम का प्रेशर हर जगह रहता है। टीचर्स घर आकर स्टूडेंट्स की आंसर कॉपी चेक करती हैं, वकील अगले दिन की हियरिंग के लिए केस स्टडी करते हैं, एक्टर्स डायलॉग रिहर्सल में व्यस्त रहते हैं, पत्रकार नई कहानियों पर काम करते हैं... लिस्ट बहुत लंबी है। इन दिनों 9-10 घंटे की नौकरी सिर्फ ऑफिस तक सीमित नहीं रह गई है। लेकिन अगली जेनरेशन वर्क लाइफ बैलेंस को लेकर काफी सजग है और वह पुराने ढर्रे पर काम करने के बजाय स्मार्ट वर्क पर फोकस कर रही है।




### लिमिट्स पर दें ध्यान

काम और निजी जीवन के बीच स्पष्ट सीमाएं निर्धारित करें। ऑफिस और पर्सनल लाइफ में अपनी प्राथमिकताएं निर्धारित करें। घर और ऑफिस, दोनों जगहों पर टाइम मैनेजमेंट के लिए शेड्यूल बनाएं। घर, ऑफिस, दोस्तों के साथ ही पर्सनल स्पेस यानी मी टाइम का भी ध्यान रखें। इसके साथ ही फिजिकल और मेंटल हेल्थ तथा फिटनेस का ख्याल रखना भी जरूरी है। वर्क लाइफ बैलेंस के लिए एक्सटर्नल हेल्प लेनी पड़े तो मना मत करें। टाइम टु टाइम काम से ब्रेक लेकर कहीं घूमने निकल जाएं। ऑफिस वर्क और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच हॉबीज के लिए भी टाइम निकालें। घर या ऑफिस, कहीं पर भी ज्यादा स्ट्रेस हो रहा है तो उस पर फोकस करें। अपने अंदर बदलाव के लिए फ्लेक्सिबिलिटी रखें।

### ऑफिस मैनेजमेंट की भी जिम्मेदारी

हर एंप्लॉई वर्क लाइफ बैलेंस कर पा रहा है या नहीं, इसकी जिम्मेदारी कंपनियों के हाथ में भी होनी चाहिए। इससे एंप्लॉइज अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस दे पाएंगे। जानिए वर्क लाइफ बैलेंस के लिए ऑफिस से क्या मदद मिल सकती है।

**जब** भी पॉसिबल हो, ऑफिस और पर्सनल स्पेस के बीच बाउंड्री यानी हदें निर्धारित करें। ऐसा करने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को सही तरीके से मैनेज करना जरूरी है।

**वर्कप्लेस** पर सभी के लिए साइकोलॉजिकल सपोर्ट सेंटर उपलब्ध होने चाहिए। इससे लोग कोई भी परेशानी होने पर साइकोलॉजिस्ट से कंसल्ट कर सकते हैं।

**तनाव** भरे माहौल में काम करने से प्रोडक्टिविटी और मेंटल हेल्थ, दोनों को नुकसान पहुंचता है। इसलिए एम्प्लॉइज और बॉस के बीच रेगुलर मीटिंग होनी चाहिए। इससे अपनी बात को खुलकर रख पाएंगे।

**कंपनी** में नए एंप्लॉइज के लिए मेंटरशिप प्रोग्राम होना चाहिए। इसमें उन्हें सीखने और बढ़ने के लिए एक मंच भी दिया जा सकता है। उन्हें पता होना चाहिए कि परेशानी के समय किससे संपर्क करना है।



### ऑस्ट्रेलिया में हुआ प्रयोग

ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में प्रोफेशनल्स के लिए राइट टु डिसकनेक्ट की घोषणा की थी। इसका साफ मतलब है कि ऑफिस के घंटे पूरे हो जाने के बाद प्रोफेशनल्स के लिए बॉस की कॉल रिसीव करना जरूरी नहीं माना जाएगा। वह चाहें तो उस कॉल को इग्नोर कर सकते हैं। ऐसा कई जगहों पर होता है। इससे पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बीच में लिमिट तय करना आसान हो जाता है। अगर आप भी वर्क लाइफ बैलेंस से जूझ रहे हैं कुछ तरीके अपना सकते हैं।

## जीवन-ज्योति

# प्रत्येक नया दिन नव आरम्भ और नूतन अवसर लेकर आता है

स्वामी अवधेशानंद गिरी
आध्यात्मिक गुरु



मानव जीवन की वास्तविक सार्थकता शुभ कर्म से है। हमारी वाणी, विचार और आचरण सत्य-करुणा पर आधारित होने चाहिए। क्योंकि नश्वर संसार क्षणभंगुर है, केवल परमात्मा ही नित्य और शाश्वत सत्य है। जीवन का हर क्षण हमारे लिए नए अवसर लेकर आता है। इसका उपयोग भौतिक उपलब्धियों की बजाय आध्यात्मिक चिंतन और आत्म-साक्षात्कार में लगाएं। हमारे लिए प्रत्येक नया दिन नव आरम्भ और नूतन अवसर लेकर आता है। रचनात्मकता, नवाचार और नए विचार (आइडिया) की प्रक्रिया मानव स्वाभाव का अहम हिस्सा है। आज की अद्भुत वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति इसी सतत् गवेषणात्मक प्रवृत्ति का प्रतिफल है, लेकिन ध्यान रहे कि हमारा सृजन केवल यांत्रिक या भौतिक न होकर पारमार्थिक और लोक-मंगलकारी भी होना चाहिए। मानव जीवन की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब वह शुभ कर्म में संलग्न हो। हमारे वाणी, विचार और आचरण सत्य व करुणा के मार्ग पर आधारित होने चाहिए। यह भी समझने की जरूरत है कि यह नश्वर संसार क्षणभंगुर है, केवल परमात्मा ही नित्य और शाश्वत सत्य है। हमारा जीवन उसी दिव्य सत्ता की अनुभूति और साक्षात्कार के लिए मिला है।



**हर क्षण का विवेकपूर्वक उपयोग:** जीवन के हर क्षण का विवेकपूर्वक उपयोग करें। समय को सत्संग, स्वाध्याय और आत्म-चिन्तन में निवेश करें। इससे लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं है। स्वामी अवधेशानंद ने कहा, यह शरीर नश्वर है, लेकिन आत्मा अविनाशी, अजर-अमर और अखण्ड शुद्ध चैतन्य है। किसी काल खंड में उसका नाश नहीं होता। इस सत्य का बोध ही हमारे आध्यात्मिक विकास का आधार बनता है। हमें अपने जीवन की दिशा को केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं रखनी चाहिए, बल्कि आत्म-साक्षात्कार की तत्परता जगाएं, यही आपके जीवन की चरम सफलता होगी। हमें धन, समय, अपनी ऊर्जा और साधनों का सही इस्तेमाल करना चाहिए। हमारे इस्तेमाल करने के बाद जो कुछ बच जाता है, उसका दान करें। अगर अपनी चीजों का सही इस्तेमाल नहीं करेंगे, दान नहीं करेंगे तो उन चीजों का नाश हो जाएगा। अपनी चीजों से दूसरों को लाभ हो, इस बात का ध्यान रखें। उदारतापूर्वक अपना धन, समय और साधन दूसरों के हित में अर्पित करें।

**सद्गुरु का संग - ग्रंथों का अध्ययन:** आध्यात्मिक जीवन में सफल होने के लिए विवेक, सकारात्मक विचार, आध्यात्मिक अभ्यास, सद्गुरु का संग और ग्रंथों का अध्ययन करना जरूरी है। इन बातों की मदद से व्यक्ति अपने लक्ष्यों को पूरा करता है। इन बातों के बिना व्यक्ति पथ भ्रष्ट हो जाता है। जीवन में सुख-शांति तभी संभव है, जब हम पदार्थों के मोह से मुक्त हो जाएं। सांसारिक प्रलोभनों से हमारी सोच मुक्त होनी चाहिए। निरंतर सत्संग का अभ्यास करें, स्वाध्यायशील रहें। सद् ग्रंथों का अध्ययन करें।

## सितारों की बात

सप्ताह का राशिफल दिनांक 01 मार्च से 07 मार्च तक



पंडित विष्णु राजौरिया

**मेष:** राशि के जातक आगामी सप्ताह में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे लेकिन घर परिवार की कुछ निजी समस्याएं उनको मानसिक कष्ट दे सकती हैं ऐसे समय में आध्यात्मिक उपाय इष्ट देव की साधना गुरुजनों की शरण जैसे उपाय एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर कार्य करने से मन शांत होगा।

**वृषभ:** राशि के जातक आगामी सप्ताह में अपने कार्यों में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे युवा एवं रोजगार की तलाश में जुटे बेरोजगार अपने लक्ष्य के प्रति सजगता रखें तो उनको उत्तम स्टार की सफलता प्राप्त होने के संकेत मिल रहे हैं आगामी दिनों में आपको कुछ बड़ी सफलताएं भी मिल सकती हैं भवन भूमि संबंधी कार्यों से आर्थिक लाभ होने के संकेत मिल रहे हैं।

**मिथुन:** राशि के जातक आगामी सप्ताह में कुछ आर्थिक परेशानी का अनुभव कर सकते हैं व्यापार व्यवसाय अथवा जो भी आपका कार्य क्षेत्र है उसे धनागम में कुछ बढ़ाएं उपस्थित हो सकती हैं रुका हुआ धन प्राप्त करने में विलंब एवं जहां से नियमित धन प्राप्त होता है वहां भी कुछ व्यवधान आ सकता है अत: आए और व्यय में संतुलन बनाकर आपसी सामंजस्य बिठाकर वाणी पर विशेष संयम रखकर कार्य करने से सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** राशि के जातक आगामी सप्ताह में भ्रमण मनोरंजन मांगलिक कार्य अथवा धर्म स्थलों की यात्रा में व्यस्त रह सकते हैं आपके घर परिवार के सदस्यों और निजी लोगों के साथ उत्तम स्थान पर भ्रमण करने का अवसर प्राप्त होगा घर परिवार का साथ मिलने से आपके मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा व्यापार व्यवसाय करने वाले जातकों को आर्थिक लाभ उत्तम स्टार का होने के संकेत मिल रहे हैं।

**सिंह:** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में संभाल कर चलने की आवश्यकता बनी रहेगी विशेष रूप से आर्थिक कर्म से आपके मन में चिंता अथवा अशांति का भाव रह सकता है निकट के परिजनों की आवश्यकता एवं वर्तमान परिस्थिति जन्य कर्म से आपको कठिनाई का अनुभव होगा ऐसे समय में अपने निकट के मित्रों का सहयोग आपको संबल प्रदान करेगा वरिष्ठ जनों एवं अधिकारियों से सही हो प्राप्त होगा।

**कन्या:** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में मिश्रित सफलता मिलने के संकेत बने हुए हैं आपकी कार्य क्षेत्र में व्यस्त था बढ़ेगी जिम्मेदारी एवं दायित्व पूर्ण स्थान प्राप्त होने के संकेत मिल रहे हैं पद प्रतिष्ठा में वृद्धि आई में वृद्धि और उच्च पदस्थ व्यक्तियों से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाने के संकेत मिल रहे हैं।

**तुला :** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में उत्तम सफलता मिलने के संकेत हैं यदि आप सामाजिक राजनीतिक एवं राजकीय कार्यों में संलग्न है तो आपका अधिकार क्षेत्र में वृद्धि होगी पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी आए के साधन भी बढ़ेंगे घर परिवार में सुखद और मांगलिक वातावरण निर्मित होने के संकेत मिल रहे हैं।

**वृश्चिक:** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह हमें उत्तम सफलता मिलने के संकेत मिल रहे हैं आपके द्वारा विगत दिनों किए गए परिश्रम एवं सहयोग से आपके विशिष्ट कार्य संपन्न हो सकते हैं परिणाम स्वरूप मान सम्मान प्रतिष्ठा पदोन्नति जैसे कार्य संपन्न होंगे घर परिवार एवं कार्य स्थल के सहयोगियों के बीच में पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**धनु:** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में भी सावधानी की आवश्यकता बनी रहेगी आपके द्वारा किए गए कार्यों से किसी भी व्यक्ति को असंतोष उत्पन्न हो सकता है अत: अपनी वाणी और अपने कार्यों को नियंत्रित कर कर कार्य करें आर्थिक हानि भी कष्ट दे सकती है आई और व्यय में संतुलन वाणी पर नियंत्रण वाहन आदि चलाने में भी विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता बनी हुई है।

**मकर:** राशि के जातक विगत दिनों की अपेक्षा इस सप्ताह में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे आपके द्वारा किए गए कार्यों से आपके घर परिवार को सुखद वातावरण मिलेगा साथी कोई विशिष्ट कार्य संपन्न होने से घर परिवार में मांगलिक वातावरण निर्मित होगा।

**कुंभ:** राशि के जातक आगामी सप्ताह में अत्यधिक व्यस्तता का अनुभव कर सकते हैं मान सम्मान एवं प्रतिष्ठा बढ़ेगी किसी नई विशेष जिम्मेदारी मिलने के भी संकेत मिल रहे हैं कार्यभार की अधिकता में अपने स्वास्थ्य खान-पान एवं दिनचर्या पर संतुलन बनाकर रखने की आवश्यकता वाणी रहेगी।

**मीन :** राशि के जातकों को अभी भी संभाल कर रहने की आवश्यकता बनी हुई है विशेष रूप से 50 वर्ष की आयु से अधिक उम्र के जातक एवं जाति कैन अपने दिनचर्या में रहन-सहन में अपने कार्यों में विशेष सावधानी रखें किसी भी कारण चोट चपेट अथवा शारीरिक व्याधि आपको परेशान कर सकती है अन्य कार्यों में व्यापार व्यवसाय आर्थिक कर्म में समस्याओं का निवारण होगा।

## यूजर्स गाइड

# घर की सुरक्षा के लिए लगाए डिवाइस से हो सकती है जासूसी, सावधानी बरतना जरूरी

**क्या** आपने कभी सोचा है कि घर के अंदर भी आपके ऊपर कोई नजर रख सकता है। आजकल घरों में तरह-तरह के गैजेट्स होते हैं और ये आपकी जसूसी भी कर सकते हैं। आज के दौर में अपने जीवन को आसान बनाने के लिए लोग पूरी तरह से तकनीक पर निर्भर हो चुके हैं। स्मार्ट टीवी से लेकर वॉयस असिस्टेंट और वाई-फाई से चलने वाले कैमरों जैसे कई गैजेट्स घरों में होते हैं। इंटरनेट से जुड़ी ये सुख-सुविधाएं आपकी प्राइवेसी के लिए बड़ा खतरा हो सकती हैं। असल में आपके घर में मौजूद कुछ गैजेट्स हैकर्स के लिए जासूसी का काम करती है। यहां ऐसे गैजेट्स बताए गए हैं जो आपके घर में आपकी जासूसी करते हैं।

**स्मार्ट टीवी रिकॉर्ड करता है बातचीत:** स्मार्ट टीवी ज्यादातर घरों में होता है। इसमें वॉयस रिकग्निशन और कैमरे जैसे फीचर्स होते हैं, जो आपकी प्राइवेसी के लिए खतरा बन सकते हैं। कुछ टीवी बंद होने के बाद भी ऑडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं। विकिलीक्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कुछ ऐसी मालवेयर तकनीकें मौजूद हैं, जिनसे टीवी के जरिए बातचीत रिकॉर्ड की जा सकती है। अपने परिवार की सुरक्षा के लिए घर में लगाए गए कैमरे ही आपकी जासूसी का जरिया बन सकते हैं। यदि आप कैमरे का डिफॉल्ट पासवर्ड बदलते नहीं है तो पूरी संभावना है कि हैकर्स एक मिनट से भी कम समय में उसे हैक कर सकता है और पूरा कंट्रोल अपने हाथ में ले सकते हैं।आजकल बीमारियां बहुत गंभीर होती हैं। इस कारण लोग अपने घरों में इंसुलिन पंप और पेसमेकर जैसी हेल्थ डिवाइस को घर में रखते हैं। क्या आपको पता है कि स्मार्ट टीवी, फोन के साथ-साथ ये डिवाइस भी हैक हो सकते हैं। हैकर्स दूर बैठकर इंसुलिन की मात्रा बदल सकते हैं या पेसमेकर की सेटिंग्स से छेड़छाड़ कर सकते हैं। ये जानलेवा भी साबित हो सकता है।



**ऐसे रहें सावधान:** इन डिवाइस से बचने के लिए हमेशा मजबूत पासवर्ड का इस्तेमा करें और समय-समय पर बदलते रहें। जरूरत ना होने पर कैमरा और माइक्रोफोन को म्यूट कर दें या फिर ढंक दें। अपने किसी भी डिवाइस के सॉफ्टवेयर को हमेशा अपडेट रखें।

## सेफ फेस्टिवल

# सिंथेटिक रंगों से खतरा, त्वचा-बाल आंखों व फेफड़ों पर पड़ सकता है असर

होली में रंग खेलना खुशी और उमंग का प्रतीक है, लेकिन होली खेलने के लिए सही रंगों का चुनाव बेहद जरूरी है। बाजार में मिलने वाले सिंथेटिक रंग स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। सस्ते और चमकीले रंगों में अक्सर इंडस्ट्रियल डाई और हानिकारक रसायनों का उपयोग किया जाता है, जो त्वचा, बाल, आंखों और यहां तक कि फेफड़ों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। होली खेलने के लिए प्राकृतिक या ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल ज्यादा सुरक्षित माना जाता है।



होली खेलते समय रंगों के चुनाव पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सिंथेटिक रंगों में मौजूद इंडस्ट्रियल डाई त्वचा की बाहरी परत को नुकसान पहुंचाती है। सेंसिटिव स्किन वाले लोगों में एलर्जिक रिएक्शन और डर्मेटाइटिस का खतरा ज्यादा रहता है। इसके अलावा ये रंग स्कैल्प को ड्राई बनाकर बालों के झड़ने की समस्या भी बढ़ा सकते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और एलर्जी या अस्थमा के मरीजों के लिए होली के रंगों का चुनाव करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। होली खेलने के लिए ऑर्गेनिक या हर्बल रंगों का उपयोग करना सुरक्षित है।

**स्किन पर बुरा असर:** सिंथेटिक रंगों में लेड ऑक्साइड, कॉपर सल्फेट, मर्करी और क्रोमियम जैसे तत्व पाए जा सकते हैं। ये केमिकल्स त्वचा पर एलर्जी, रैशेज, खुजली और जलन का कारण बनते हैं। कई मामलों में होली के बाद त्वचा पर लाल चकत्ते और डर्मेटाइटिस जैसी समस्याएं भी देखने को मिलती हैं।

**आंखों को खतरा:** होली के दौरान उड़ने वाले रंगों के महीन कण आंखों में चले जाएं तो जलन, लालिमा और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। कई बार लोग आंखों को रगड़ लेते हैं, जिससे कॉर्निया को नुकसान तक हो सकता है। यदि रंग आंख में चला जाए तो तुरंत साफ पानी से धोना जरूरी है।

**फेफड़ों को नुकसान:** सिंथेटिक रंगों में मौजूद फाइन पार्टिकल्स सांस के साथ शरीर में प्रवेश कर श्वसन तंत्र को प्रभावित कर सकते हैं। इससे गले में जलन, खांसी, सांस लेने में तकलीफ और एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अस्थमा के मरीजों में यह समस्या अधिक गंभीर हो सकती है। जो लोग पहले से अस्थमा या एलर्जी से पीड़ित हैं, उन्हें ड्राई कलर्स से दूरी रखनी चाहिए। रंगों के महीन कण फेफड़ों में जाकर रिएक्शन पैदा कर सकते हैं। प्राकृतिक या ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल ज्यादा सुरक्षित माना जाता है। केमिकल्स बालों की नमी छीन लेते हैं, जिससे बाल रूखे और कमजोर हो जाते हैं। कई लोगों में होली के बाद डैंड्रफ और हेयर फॉल की शिकायत बढ़ जाती है। यदि रंग लंबे समय तक बालों में लगा रहे तो स्कैल्प इन्फेक्शन का खतरा भी रहता है।

**सिंथेटिक रंगों से कैसे करें बचाव:** होली खेलने से पहले त्वचा और बालों में नारियल या ऑलिव ऑयल लगाएं। ऑर्गेनिक या हर्बल रंगों का उपयोग करें। आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा पहनें, ज्यादा देर तक रंग शरीर पर न रहने दें, होली के बाद माइल्ड क्लेंजर से त्वचा साफ करें। थोड़ी सी सावधानी बरतकर होली को सुरक्षित और स्वस्थ तरीके से मनाया जा सकता है। होली खेलने के लिए प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके न केवल त्वचा और बालों को सुरक्षित रखा जा सकता है, बल्कि ये पर्यावरण के लिए भी बेहतर विकल्प है।

## न्यूज विंडो

### अभूतपूर्व विकास कार्यों से बीजेपी पर जनविश्वास मजबूतः दर्शनसिंह



**नर्मदापुरम।** होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी को असम प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इसी कड़ी में शनिवार को जिला धेमाजी के सिलापथार मंडल कार्यालय में आयोजित मंडल बैठक में सांसद चौधरी ने शिरकत की।बैठक में संगठनात्मक रणनीति, बूथ सशक्तिकरण, पन्ना प्रमुख व्यवस्था और व्यापक जनसंपर्क अभियान पर विस्तृत चर्चा हुई। आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओं की भूमिका, आपसी समन्वय तथा क्षेत्रीय जिम्मेदारियों पर गहन मंथन किया गया।सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए अभूतपूर्व विकास कार्य, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर जनता का बीजेपी के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। इसी विश्वास और संगठन की एकजुटता के बल पर हम पुनः प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने के संकल्प को साकार करेंगे।बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सांसद के मार्गदर्शन में चुनावी तैयारियों को तेज करने का संकल्प लिया।

### हर्बल पार्क घाट पर चलाया स्वच्छता महाअभियान, निकला दो ट्रॉली कचरा



**नर्मदापुरम।** हर्बल पार्क घाट पर स्वच्छता महा अभियान चलाया गया। स्वच्छता महाअभियान में नागरिकों ने बढ़ चढ़कर श्रमदान किया गया। करीब दो ट्राली से अधिक कचरा निकाला गया। जिसे कचरा वाहनों की मदद से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। अभियान प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी के निर्देश पर आज हर्बल पार्क घाट पर स्वच्छता महा अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता महाअभियान में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, सभापति रिचा तिवारी, सभापति निर्मला हंस राय, पूर्व पार्षद जीतू तिवारी, अनुराग तिवारी, विशाल शर्मा, सतीश यादव, समाजसेवी एवं पत्रकार विलास नीले सहित नपा के कर्मचारी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि हर्बल पार्क घाट पर दाह संस्कार न किया जाएगा। घाट पर स्वच्छता बनाए रखने पालिथिन का उपयोग न करें।

### गर्लफ्रेंड के बात न करने से 350 किमी स्कूटी चलाकर आया था

# प्रेमिका के घर पहुंचे युवक ने खुद को गोली मारी, पड़ताल जारी

**उज्जैन। दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के उज्जैन से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक युवक ने अपनी प्रेमिका के जीजा के घर पर पहुंचकर खुद को गोली मार ली। युवक बैतूल जिले का रहने वाला था और प्रेमिका के फोन पर बात न करने के कारण वो करीब 350 किमी स्कूटी चलाकर उज्जैन पहुंचा था। युवक ने खुद के सीने में गोली मारी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज से इलाके में सनसनी फैल गई और जब आस-पड़ोस के लोग घर में पहुंचे तो युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

घटना उज्जैन के नीलगंगा थाना क्षेत्र की बंगाली कॉलोनी की है, यहां रहने वाले विनय गायनी के घर पर दो दिन पहले ही उनकी साली रहने के लिए आई थी। घटना शाम करीब 6 की है। मृतक युवक की पहचान निखिल अहाके के तौर पर हुई है जो बैतूल जिले की सारणी का रहने वाला था। निखिल का विनय गायनी की साली के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था लेकिन बताया गया है कि दो दिन से युवती निखिल से बात नहीं कर रही थी। इसी बात से परेशान होकर निखिल सारणी से करीब 350 किमी स्कूटी चलाकर उज्जैन आया और खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली।



### प्रेमिका की बहन से बोला- वो बात क्यों नहीं कर रही

घटना के वक्त घर में विनय गायनी की पत्नी, साली और बच्चा मौजूद थे। विनय की पत्नी के मुताबिक निखिल ने घर में घुसते ही कहा कि आपकी बहन मुझसे बात नहीं कर रही है, उससे बोलो मुझसे बात करे। जिस पर विनय की पत्नी ने अपनी बहन से कहा कि इससे जानने के लिए कहो, इसके बाद निखिल ने पिस्टल निकाली और खुद के सीने में गोली मार ली। गोली की आवाज से इलाके में सनसनी फैल गई और आस-पड़ोस के लोग भागते हुए घर में पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरु की।



### बिना रेलिंग का जानलेवा सकरा पुल, लगातार हादसों का बना रहता खतरा

**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

विदिशा अशोकनगर मुख्य सड़क पर जोहद और गुरोद के बीच स्थित संकरा व रेलिंग विहीन पुल अब वाहन चालकों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। वर्षों से जर्जर हालात में खड़ा यह पुल सुरक्षा इंतजामों के अभाव में दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। रेलिंग विहीन पुल से आवागमन पूरी तरह जोखिम भरा बना हुआ है।

पुल की चौड़ाई इतनी कम है कि एक समय में केवल एक बड़ा वाहन ही निकल पाता है। आमने सामने वाहन आने पर चालकों को जान जोखिम में डालकर पुल पार करना पड़ता है। कई बार छोटे वाहन किनारे रुककर बड़े वाहनों को निकलने का इंतजार करते हैं, जिससे जाम की संभावना बढ़ जाती है। कुछ माह पूर्व बच्चों से भरी एक स्कूल बस इसी पुल से नीचे गिर गई थी। घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया था। सौभाग्य से बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन हादसे ने पुल की खस्ताहाल स्थिति को उजागर कर दिया। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर कोई ठोस सुधार कार्य शुरू नहीं किया गया।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद संबंधित अधिकारी केवल आश्वासन तक सीमित हैं। बढ़ते यातायात दबाव के बीच पुल पर हमेशा हादसे का डर बना रहता है।

### मासूम की पत्थर पटककर हत्या

**दमोह।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलुवा पट्टी गांव में शनिवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां 5 वर्षीय मासूम बच्चे की पत्थर पटककर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मासूम शाम के वक्त घर के पास ही चबूतरे पर खेल रहा था तभी गांव के ही एक युवक ने उसके सिर पर पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और लोग दहशत में आ गए। मृतक बालक देवेंद्र पिता भगत सिंह उम्र 5 वर्ष, शाम को घर के पास चबूतरे पर खेल रहा था। इसी दौरान गांव के ही युवक सतीश ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसके सिर पर पत्थर पटक दिया। गंभीर रूप से घायल बालक को परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार जिला अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। शव को जिला अस्पताल स्थित शवगृह में सुरक्षित रखवाया गया है।

### नर्मदापुरम में संभाग स्तरीय आजीविका होली मेले का शुभारंभ

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

जिला प्रशासन और मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में कोठी बाजार के हैप्पी मैरिज गार्डन में दो दिवसीय 'संभाग स्तरीय आजीविका होली मेला' का गरिमामय शुभारंभ हुआ। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन ने दीप प्रज्वलन कर आयोजन का उद्घाटन किया। बतौर अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि यह मेला ग्रामीण महिला उद्यमियों और स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय शुद्ध-हर्बल उत्पाद खरीदकर ग्रामीण प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की। सीईओ हिमांशु जैन ने बताया कि मेला ग्रामीण शिल्पकारों को उत्पाद विपणन का सीधा मंच प्रदान करता है, जिससे उनकी आय बढ़ेगी।स्व-सहायता समूहों के



हर्बल गुलाल, गुजिया, पापड़, देसी घी के बेसन लड्डू, बर्फी, नमकीन, कुकीज और हस्तशिल्प जैसे बैग, सजावटी सामग्री, बांस की टोकरियां, मिट्टी के उत्पाद, अगरबत्ती, मैक्रम आइटम,जैविक वर्मी कम्पोस्ट, प्रोम खाद, कीटनाशक; अनाज के पोहे, शुद्ध मसाले (हल्दी, मिर्च, धनिया)शामिल रहे। मध्यप्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे सहित अधिकारी उपस्थित रहे। पीयूष शर्मा ने हाइवे पर महिला उत्पादों के आउटलेट खोलने का सुझाव दिया।प्रतिदिन शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

## अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई, 8 पेटी जब्त



**मंडीदीप। दोपहर मेट्रो**

मंडीदीप में बीती रात सतलापुर पुलिस और मंडीदीप पुलिस में की संयुक्त कार्यवाही की जिसमें मंडीदीप, सतलापुर, वर्धमान, राहुल नगर, हाईवे समेत कई जगहों पर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही कर 8 पेटी शराब जब्त की जिसमें तीन लोगों को शराब बेचते हुए गिरफ्तार भी किया गया, एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि ये कार्यवाही रूटीन चेकिंग है, आगामी त्योहार को देखते हुए सभी जगहों पर कार्यवाही हुई जिसमें देसी एवं मसाला के 8 पेटी शराब जप्त की गई। इस मौके पर दोनों थाने के प्रभारी उपस्थित रहे।

## ससुराल वालों ने महिला को पिलाया जहरीला पदार्थ, भाई अस्पताल लेकर पहुंचा, रेफर

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**




परिवारिक विवाद में महिला का उसके पति, जेठ और जेठानी द्वारा कीटनाषक दवाई पिलाने का मामला सामने आया है। खिरिया दांगी में रहने वाली वैष्णवी दांगी को शनिवार को सिरोंज के राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय में भर्ती किया गया था। कीटनाषक दवाई पीने के कारण उनकी हालात गंभीर थी। इलाज के दौरान ही वैष्णवी से जब घटनाक्रम की जानकारी ली गई तो उसने चौंकाने वाली बात कही। उसने बताया कि शनिवार सुबह घर में जेठानी से कहासुनी हो गई। इसके बाद पति, जेठ, जेठानी और सास सभी ने मिलकर जबरदस्ती कीटनाषक दवाई पिला दी। वैष्णवी के साथ मौजूद उसके भाई गौरव दांगी ने बताया कि बहन ने मोबाइल लगाकर जानकारी दी तब मैं सिरोंज में था। तुरंत ही बाइक से 35 किमी दूर खिरिया दांगी पहुंचा। दीदी उल्टी कर रही थीं और घर के लोग वहीं पर बैठे थे। मैं उन्हें लेकर बाइक से तुरंत ही सिरोंज के अस्पताल आ गया। प्राथमिक उपचार के बाद वैष्णवी को विदिशा रेफर कर दिया गया। एंबूलेंस से उसे विदिशा भेजा गया। यहां पर उपचार के बाद वह खतरे से बाहर थी।



गौरव ने बताया कि बहन की शादी 4 साल पहले खिरिया दांगी में रहने वाले अंकित दांगी से हुई थी। उनका 3 साल का एक बेटा भी है। अंकित शराब पीने का आदि है। वैष्णवी महीने भर पहले से कुंड़ई गांव में स्थित मायके में थी। ससुर के निधन के बाद अनरय की होली के लिए वापस ससुराल लौटी थी और यह घटना हो गई। विदिषा अस्पताल में इलाज के दौरान भी शनिवार शाम तक वैष्णवी के ससुराल का कोई भी व्यक्ति उसका हालचाल जानने के लिए नहीं पहुंचा था।

## मंडीदीप में दो स्थानों पर लगी आग, दमकल ने पाया काबू

**मंडीदीप। दोपहर मेट्रो**

औद्योगिक नगर मंडीदीप में गर्मी बढ़ने के साथ ही आगजनी की घटनाओं में इजाफा होने लगा है। शुक्रवार को नगर में दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं। पहली घटना दोपहर के समय एमपी फॉरेस्ट कंपनी के पास कचरे के ढेर में हुई। सूचना मिलते ही नगरपालिका की दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर शीघ्र ही काबू पा लिया। दूसरी घटना रात लगभग 10 बजे आयशर फैक्ट्री और श्मशान घाट के बीच पड़े कचरे के बड़े ढेर में लगी। कचरे का ढेर बड़ा होने के कारण आग तेजी से फैल गई, जिससे दमकलकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग एक घंटे की मेहनत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका। दोनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। नगरवासियों ने गर्मी के मौसम में कचरे के ढेरों की नियमित सफाई और सतर्कता बढ़ाने की मांग की है।



### अवैध शराब, यातायात व्यवस्था और साफ सफाई के मुद्दे पर दिया सुझाव



**मंडीदीप। दोपहर मेट्रो**

रंगों के पावन पर्व होली को हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए प्रशासन ने मंडीदीप में शनिवार को शाम 5 बजे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जिसमें मुख्य रूप से नगर में अलग अलग समुदाय के नागरिक उपस्थित रहे।

एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में त्योहार के दौरान नगर की कानून व्यवस्था, साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वही नगर में अवैध शराब, यातायात व्यवस्था , जैसे मुद्दों पर भी नागरिकों ने अधिकारियों और पुलिस के समक्ष अपनी राय रखी जिसमें, वही नपा अध्यक्ष अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने त्योहार के दौरान पेयजल आपूर्ति और विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने का आश्वासन दिया एसडीओपी शीला सुराणा ने सुरक्षा व्यवस्था का ड्राफ्ट नागरिकों को बताया एसडीओपी शीला सुराणा ने शांति के साथ होली खेलने को लेकर लोगों को समझाया और हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर रखने को लेकर पुलिस को निर्देश किया। मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे एवं सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने नगर के नागरिकों से अपील की कि वे आपसी सौहार्द बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि प्रशासन आपकी सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह तत्पर है।

**मेट्रो एंकर**

### बुंदेलखंड में 200 साल पुराने रंगपंचमी मेले का होगा आयोजन

# करीलाधाम में लाखों की संख्या में शामिल होंगे श्रद्धालु

**अशोकनगर। दोपहर मेट्रो**

करीला धाम में लगने वाले रंगपंचमी मेले के लिए पुलिस ने सुरक्षा का ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। 7 से 9 मार्च तक चलने वाले इस महाकुंभमें देश-प्रदेश से जुटने वाली लाखों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एसपी राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में बहुस्तरीय सुरक्षा चक्र तैयार किया गया है। अशोकनगर में होने वाले इस मेले की संवेदनशीलता को देखते हुए इस बार बल की संख्या में भारी इजाफा किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था की कमान चार एडिशनल एसपी, 20 डीएसपी और 70 निरीक्षकों के हाथों में होगी। इनके साथ जिला पुलिस, महिला बल, एसएएफ, होमगार्ड और एसडीआरएफ के करीब 1700 जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। पूरे मेला क्षेत्र को सेक्टर और उप-सेक्टर में बांटकर हर कोने की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

इस बार पुलिस ने मेले को हाइटेक बनाने के लिए नई सुविधा की है। एएसपी गजेंद्रड्क्षसह कंवर ने बताया कि मेले के लिए इस बार क्यूआर कोड जारी किया गया है। श्रद्धालु जैसे ही मोबाइल पर



इस क्यूआर कोड को स्कैन करेंगे तो उन्हें मेले व ट्रेफिक के बारे में पूरी जानकारी मिल सकेगी। जिसमें वन-वे. टू-वे मार्ग और नए वैकल्पिक मार्ग की पूरी जानकारी मिलेगी। साथ ही यह भी पता चलेगा कि कहां पर पुलिस चौकी व मेडिकल सुविधा मौजूद है।

**अशोकनगर मार्गः** वाहन कानीखेड़ी पार्किंग में खड़े होंगे, वापसी नए वैकल्पिक मार्ग जमुनिया-पीपलखेड़ा से होगी।

**सिरोंज मार्गः** वाहनों के लिए कानीखेड़ी में पार्किंग और निकासी के लिए अलग द्वार तय किए गए हैं।

**मुंगावली/विदिशा मार्गः** बमोरीशाला पार्किंग स्थल बनाया गया है, जहाँ से निकासी बगवा-गुपलिया मार्ग से होगी। सभी पार्किंग स्थलों से मंदिर तक का मार्ग पैदल मार्ग घोषित किया गया है. ताकि दर्शनार्थियों को असुविधा न हो।

### आसमान से तीसरी आंख और जमीन पर डॉग स्क्वाड

तकनीकी रूप से इस बार मेला बेहद हाईटेक होने जा रहा है। मंदिर और मेला क्षेत्र में आसमान से हर हलचल पर चार ड्रोन कैमरों के जरिए नजर रखी जाएगी। वहीं पूरे क्षेत्र में करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से कंट्रोल रूम से मेला क्षेत्र की मॉनीटरिंग होगी। हाईपावर सर्च लाइट, साथ ही किसी भी आपात स्थिति के लिए अपराध नियंत्रण दस्ता, पैदल गश्ती दल, बाइक क्विक रिस्पॉन्स टीम और मोबाइल पेट्रोलिंग यूनिट तैनात रहेंगी।

### मंदिर दर्शन एवं राई नृत्य

मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रण हेतु चरणबद्ध दर्शन व्यवस्था लागू रहेगी। प्रसाद व एवं पूजा सामग्री चढ़ाने मंदिर के बाहर पृथक निर्धारित स्थान बनाए गए है। पारंपरिक राई नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मंदिर परिसर से पृथक स्थान पर आयोजित किए जाएंगे।

## न्यूज विंडो

### कॉलेज में छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतिभाओं का किया सम्मान



**तेंदूखेड़ा।** नगर के अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर द्वारा की गई। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शाल-श्रीफल भेंट कर स्वागत-सत्कार किया गया। प्रभारी प्राचार्य श्री ठाकुर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों से अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना करते हुए महाविद्यालय की निरंतर प्रगति का उल्लेख किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, लोकनृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों की ऊर्जा, उत्साह एवं सृजनात्मकता ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। साथ ही प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी दादा भावसिंह लोधी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश कुमार जैन, सांसद प्रतिनिधि ठा. मूरत सिंह लोधी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, डॉ. परम सिंह, एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, मंडल अध्यक्ष संत कुमार पाल, दीपक कटारे पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष ,भागचंद जैन, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एस के अग्रवाल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम शुरू, सरकारी अस्पताल में 90 दिनों तक होगा टीकाकरण



**तेंदूखेड़ा।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीव्ही टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर से प्रारंभ किए गए एचपीव्ही टीकाकरण अभियान के तहत जिले में भी विशेष अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान अगले 90 दिनों तक संचालित होगा, जिसके अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष पूर्ण न करने वाली बालिकाओं को निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। सभी पात्र बालिकाएँ अपने अभिभावकों के साथ नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में पहुँचकर टीकाकरण अवश्य कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन प्रातः10 बजे से सायं 06 बजे तक टीकाकरण किया जाएगा। इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ अशोक बरौनियां के द्वारा टीकाकरण से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई साथ ही अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों के सुरक्षित भविष्य हेतु इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में रमेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनीष मोदी, फार्मासिस्ट दिनेश अवस्थी, बीईई इंद्रपाल विश्वकर्मा एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा टीकाकरण अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

### साधारण सम्मेलन में कई निर्णय: टाटा कंपनी की कार्यप्रणाली नहीं सुधारी तो ब्लैकलिस्ट करेंगे

# विभिन्न करों को वसूलने में कमजोर नगर निगम, वसूली को ठेके पर देगा

**सागर। दोपहर मेट्रो**

नगर निगम के विभिन्न करों को वसूलने में कमजोर साबित हो रहा नगर निगम प्रशासन अब कर वसूली को ठेके पर देने जा रहा है। टाटा कंपनी की कार्यप्रणाली से नाराज पार्षदों कपंनी पर कार्रवाई करने की जरूरत है। एलीवेटेड कॉरीडोर का नाम अटल पथ होगा।

इस तरह कि चर्चा और निर्णय नगर निगम के साधारण सम्मेलन में लिए गए सम्मेलन में अन्य विषय के नाम पर 30 पार्षदों के हस्ताक्षर से बैठक में लिखित में सुझाव आया कि निगम की करों की वसूली को ठेके पर दे दिया जाए। इस मामले में निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि निगम की आर्थिक स्थिति सब जानते हैं. कर्मचारियों का वेतन तक समय पर नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में वसूली को ठेके पर किसी प्रायवेट एजेंसी को दिया जाना चाहिए। इस पर निगम में नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ने कहा कि पूर्व में बिजली कंपनी ने एस्सेल कम्पनी को ठेका दिया गया था लेकिन क्या हाल हुआ सब जानते हैं. चर्चा के बाद बहुमत के आधार पर यह प्रस्ताव पास कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि निगम के करों का करीब 100 करोड़ रुपए बकाया है। सम्मेलन में महापौर संगीता तिवारी ने कहा टाटा प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली से हर पार्षद और जनता परेशान है। कंपनी हर बार आश्वासन देती है लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकलता। उन्होंने कहा कि एक माह का आखिरी मौका दिया जा रहा है। व्यवस्था न सुधारें तो निगम को हैंडओवर कर दें। निगमाध्यक्ष अहिरवार ने निगमायुक्त राजकुमार खत्री से पूछा क्या निगम अपने स्तर पर इसे चलाने में सक्षम है तो हम इन्हें क्यों ढोयें। यह टाटा को अंतिम मौका है, नहीं तो निगम स्वयं चलाएगा और टाटा को ब्लैक लिस्टेड करेंगे। नेता प्रतिपक्ष यादव ने कहा पर्याप्त मौका दे चुके हैं, अब कार्रवाई ही होना चाहिए। एमपीयूडीसी के प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश बरेले ने कहा जो भी समस्या है, उन्हें हम तुरंत सुधरवाते हैं। 12 दिन में शहर में सूअर पकड़ने का अभियान शुरू होगा। 10 नए टैंकर खरीदेंगे, नए हाईडेंट भी बनेंगे। करों के भुगतान के लिए कचरा गाड़ी में क्यूआर कोड भी लगाए जाएंगे। कम्युनिटी टॉयलेट, 4 पब्लिक टॉयलेट, 39 किमी के 6 बड़े नाले पक्के बनेंगे। चौराहों का विकास होगा। एक कमरे के चिकित्सा परामर्श केंद्र पर कचरा कर 100 रुपए लगेगा।





#### इंदौर जैसी घटना सागर में भी हो सकती है

सम्मेलन में कांग्रेस पार्षद राजघाट डेम से सप्लाई हुआ मटमैल पानी बोतलों में लेकर आए थे। उन्होंने कहा इस पर त्वरित कार्रवाई हो नहीं तो इंदौर जैसी घटना हमारे सागर में भी हो सकती है। नई लाइन तुरंत डाली जाए। शिवशंकर यादव ने कहा बहुमत के दम पर आपने जल कर 150 से 200 करा लिया लेकिन खुदी सड़कें, कम पानी से सब परेशान हैं। विधायक तक विधानसभा में मुद्दा उठा रहे हैं। रीतेश तिवारी ने कहा टाटा के कर्मचारियों की जोनवार जानकारी दें। अशोक साहू ने कहा टाटा वाले नेताओं की तरह फोटो सेशन कराने लगे हैं, काम नहीं करते। ऋचा सिंह ने कहा सड़कें खुदी डली हैं, पानी नियमित नहीं आता। रूबी पटेल ने कहा कम प्रेशर से व गंदा पानी आ रहा है।

#### लोग चक्काजाम की चेतावनी दे रहे हैं: पार्षद शैलेन्द्र ठाकुर

परकोटा वार्ड के पार्षद और एमआईसी मेंबर शैलेंद ठाकुर ने कहा कि परकोटा वार्ड में कम प्रेशर से पानी आने की समस्या है। लोग चक्काजाम की चेतावनी दे रहे हैं। टंकी में कम पानी होने से सप्लाई करने से ऐसा हो रहा है। परकोटा चौराहा पर सड़क खोदकर टाटा द्वारा इंटर कनेक्शन का जो कार्य किया जाना था, वह अधूरा है। जेएनपीए के पास नई टंकी बनाई जाए। पार्षदों को चुनाव में जाना है, क्या जवाब देंगे। पार्षद याकृति जड़िया ने कहा गर्मियों के हिसाब से अभी से तैयारी हो। बाबू सिंह यादव ने कहा हम जबसे चुनकर आए टाटा से कोई प्रसन्न नहीं रहा। कर्मचारी सुनते नहीं हैं। रानी अहिरवार ने कहा यदि मेरे वार्ड में तय शेड्यूल से सप्लाई न हो तो बिल माफ हो। धर्मेंद्र खटीक ने कहा कि जब नई लाइन डल गई है तो गंदे पानी की सप्लाई क्यों हो रहा है। मेघा दुबे, सुलेखा राय ने कहा नई लाइन चालू नहीं हो रही। पानी की समस्याओं को लेकर जब एमपीयूडीसी के प्रोजेक्ट मैनेजर जवाब नहीं दे पाए तो कांग्रेस पार्षद शिव शंकर बोले कि वॉटर सप्लाई करने का आपको कोई अनुभव नहीं है। इस पर कंपनी के मेनेजर ने तल्खी में कहा कि यह कोइ बड़ा काम नहीं है। इस गरमागरम चर्चा के बीच निगम अध्यक्ष ने कम्पनी के मेनेजर से कहा आप आसंदी को जवाब दे। इस पर तिली वार्ड पार्षद मनोज चौरसिया ने कहा कि यदि एक भी कनेक्शन हुआ तो इस्तीफा दे दूंगा। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा जहां सीवरलाइन डलना है, उसके प्रस्ताव पार्षद दे दें।

### पुलिस ने दो महिलाओं सहित 4 लोगों पर दर्ज किया प्रकरण

## शादी के नाम पर ठगी, उज्जैन में हुआ था विवाह, 8 दिन बाद गहने और नकदी लेकर फरार हुई लुटेरी दुल्हन

**धार। दोपहर मेट्रो**

जिले के राजोद थाना क्षेत्र में लुटेरी दुल्हन और उसके गिरोह द्वारा एक युवक को अपना शिकार बनाकर लाखों रुपयों की ठगी की गई। आरोपियों ने युवक की शादी कराने के नाम पर न केवल साढ़े चार लाख रुपये ऐंठ लिए, बल्कि शादी का झूठा नाटक रचकर आठ दिन बाद दुल्हन चंपत हो गई। पुलिस ने इस मामले में दुल्हन सहित चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

फरियादी दिनेश पिता गोपाल (32 वर्ष) निवासी एसबी रोड राजोद की शादी नहीं हो रही थी। इसका फायदा उठाते हुए आरोपी उमेश पिता हीरालाल मारू निवासी बरमण्डल ने उसे शादी का झांसा दिया और लड़की दिखाने के बहाने 4 लाख 25 हजार रुपये ले लिए।



तय योजना के अनुसार 16 जनवरी को खरगोन में शपथ-पत्र लेख किया गया और उज्जैन के चिंतामन गणेश मंदिर में दिनेश की शादी अनिता निवासी उमरखाली खरगोन के साथ संपन्न हुई। शादी के बाद अनिता आठ दिनों तक दिनेश के घर राजोद में पत्नी बनकर रही। आठ दिन बीतने के बाद साजिश के तहत अन्य आरोपी भूरीबाई (अनिता की मां) और रवि बरोर राजोद पहुंचे। उन्होंने पग फेरे की रस्म का बहाना बनाया और अनिता को अपने साथ ले गए। उसके बाद से न तो अनिता वापस आई और न ही आरोपियों का कोई सुराग मिला। काफी तलाश करने के बाद जब ठगी का अहसास हुआ तो पीड़ित ने राजोद थाने पर शिकायत दर्ज कराई। राजोद पुलिस ने मामले में अनिता पिता पांड्या, भूरीबाई पति पांड्या निवासी उमरखाली गोगाँव खरगोन, रवि बरोर निवासी डालकी नवाड खरगोन, उमेश पिता हिरालाल मारू निवासी ग्राम बरमण्डल सरदारपुर के खिलाफ धोकधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## सूरजपुरा कांड: डेढ़ माह के बाद भी तिरला पुलिस के हाथ खाली



#### तस्करों ने सरकारी वाहनों में तोड़फोड़, वाहन मौके पर छोड़ भागे थे अधिकारी

**धार। दोपहर मेट्रो**

तिरला थाना क्षेत्र के ग्राम सुरजपुरा में आबकारी विभाग और शराब कंपनी की दबिश टीम पर हुए जानलेवा हमले को डेढ़ महीना बीत चुका है, लेकिन मुख्य आरोपी आज भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। सरकारी वाहनों में तोड़फोड़, फायरिंग और अधिकारियों पर हमले जैसे संगीन मामले में पुलिस की कछुआ चाल कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

बीती 8 और 9 जनवरी की दरमियानी रात को सूरजपुरा के पास अवैध शराब की तस्करी की सूचना पर आबकारी और दबिश टीम घेराबंदी करने पहुंची थी। वहां मौजूद शराब माफियाओं ने फिल्मी अंदाज में गोफन, पत्थरों और लाठियों से हमला बोल दिया। हमले की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आबकारी विभाग को अपनी जान बचाकर सरकारी वाहन तक मौके पर छोड़ना पड़ा। घटना के वायरल वीडियो में फायरिंग की आवाजें भी सुनाई दी थीं, जिसने इलाके में दहशत फैला दी थी।

घटना के तुरंत बाद पुलिस के आला अधिकारियों ने बड़े-बड़े दावे किए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर ने जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था, लेकिन हकीकत यह है कि डेढ़ महीने में पुलिस सिर्फ एक आरोपी को पकड़ पाई है।जब शासकीय कार्य में बाधा डालने और जानलेवा हमला करने वालों की पहचान वीडियो और मौके से जब्त आयशर वाहन के जरिए स्पष्ट है, तो फिर गिरफ्तारी में देरी क्यों? क्या पुलिस किसी के दबाव में है। तिरला थाना प्रभारी ज्योति पटेल का कहना है कि बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या डेढ़ महीना अपराधियों को खोजने के लिए पर्याप्त नहीं है? इस प्रकरण को गंभीरता से न लेना पुलिस प्रशासन की छवि को धूमिल कर रहा है। यदि अधिकारियों पर हाथ डालने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन नहीं होता, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा? अवैध शराब के इस काले कारोबार को किसका संरक्षण प्राप्त है, यह अब जांच का नहीं बल्कि चर्चा का विषय बन चुका है।

# सुधीर को कोर्ट में किया पेश, 2 मार्च तक पुलिस रिमांड पर

#### अस्पताल की जमीन घोटाले का मामला पूछताछ में भगोड़ा खोलेगा कई राज

**धार। दोपहर मेट्रो**

आदर्श सड़क स्थित किले के समीप बने मिशन अस्पताल की करोड़ों रुपये मूल्य की शासकीय भूमि के कथित घोटाले के आरोपी सुधीर जैन को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से पुलिस को 2 मार्च का तक रिमांड मिला है। आरोपी पिछले साढ़े तीन वर्षों से फरार था और उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। सयाबर कार्यक्रम ब्रांच की टीम ने उसे इंदौर से गिरफ्तार किया था।

मामला आदर्श सड़क स्थित किले के पास बने मिशन अस्पताल परिसर की भूमि से जुड़ा है। सर्वे नंबर 770, रकबा 0.493 हेक्टेयर भूमि सन 1928 से शासकीय घोषित है। ऐतिहासिक रूप से यह भूमि मिशनरी संस्था को महिला अस्पताल संचालन हेतु प्रदान की गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि उक्त शासकीय भूमि के संबंध में कूटरचित अभिलेख तैयार कर अवैध नामांतरण, लीज और विक्रय की कार्रवाई की गई। आरोप है कि सुधीर जैन ने सहआरोपियों के साथ मिलकर 11 लाख रुपये में यह भूमि अंकित वडेरा को बेच दी। थाना नौगांव में वर्ष 2022 में इस मामले में प्रकरण दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान शासकीय अभिलेखों में अनियमित प्रविष्टि, अवैध लीज और पंजीयन के माध्यम से भूमि हस्तांतरण की साजिश उजागर हुई।



#### बैंगलोर में छिपता रहा आरोपी

प्रकरण दर्ज होने के बाद आरोपी गुजरात भाग गया था और बाद में कुछ समय तक बैंगलोर में भी अलग-अलग स्थानों पर रहा। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। सीएसपी सुजावल जग्गा के निर्देशन में सायबर क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर इंदौर में आरोपी घर से बाहर सामान लेने निकला ही था कि सिविल ड्रेस में पहले से मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया।

#### रिमांड में गहन पूछताछ

पुलिस को न्यायालय से सुधीर जैन की 2 मार्च को दोपहर 3 बजें तक की रिमांड मिली है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपी से फर्जी दस्तावेज तैयार करने, अवैध नामांतरण, लीज एवं पंजीयन प्रक्रिया, आर्थिक लेन-देन और इस प्रकरण में शामिल अन्य सहयोगियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ करेगी। पूछताछ के बाद मामले में और भी खुलासे हो सकते हैं।

## शादी के लिए दहेज में मांगे 5 लाख बेबस पिता को देख बेटी ने चुनी मौत

**छतरपुर। दोपहर मेट्रो**

छतरपुर से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजपुरा में दहेज रूपी दानव ने एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की जान ले ली। मृतक ज्योति पाल के पिता ने लड़के पक्ष पर 5 लाख रुपए दहेज मांगने और बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए है। आक्रोशित पिता अपनी बेटी का शव लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे और न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों की गिरफ्तारी न होने तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है।

मुन्ना पाल के अनुसार उनकी बेटी ज्योति की बातचीत पड़ोसी अजुद्दी पाल के भांजे चंदू पाल (निवासी सटई) से होती थी। जब परिजनों को इस बात की जानकारी हुई, तो उन्होंने सामाजिक मर्यादा को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्षों की बैठक बुलाई और शादी का प्रस्ताव रखा। आरोप है कि लड़के पक्ष ने शादी के बदले 5 लाख रुपए की भारी-भरकम राशि की मांग रख दी। मुन्ना पाल ने बताया कि लड़के वालों का कहना था कि उनके बेटे के लिए 5-5 लाख रुपए के रिश्ते आ रहे हैं, यदि वे इतनी रकम देंगे तभी शादी होगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि परिजनों के बयानों और प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपियों की भूमिका स्पष्ट होते ही अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मुन्ना पाल ने बताया कि हाल ही में उनकी रीढ़ की हड्डी का बड़ा ऑपरेशन हुआ है, जिसके कारण वे आर्थिक रूप से बेहद कमजोर स्थिति में हैं। उन्होंने लड़के पक्ष से मंदिर में सादगीपूर्ण तरीके से शादी करने की मिन्नतें कीं, लेकिन आरोपी अपनी मांग पर अड़े रहे। पिता ने जब यह सारी बात अपनी बेटी ज्योति को बताई, तो वह बुरी तरह टूट गई। बीती रात परिवार ने साथ खाना खाया और सो गए, लेकिन सुबह जब परिजन बाहर गए थे, तभी आहत ज्योति ने जहरीला पदार्थ गटक लिया।

**मेट्रो एंकर**

### रहस मेला: डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ के खाली पद शीघ्र भरे जाएंगे

# रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता

**सागर। दोपहर मेट्रो**

सर्वाइकल कैंसर मुक्त मध्य प्रदेश बनाने के लिए बेटियों को वैक्सीन अवश्य लगवाएं एवं मध्य प्रदेश के अस्पतालों में डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ के खाली पद शीघ्र भरे जाएंगे। साथ ही पुरानी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखना संस्कारों को प्रदर्शित करता है। उक्त विचार प्रदेश के उपमुख्य मंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने तीन दिवसीय रहस मेले के समापन अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, जिला अध्यक्ष ग्रामीण रानी कुशवाहा, अपर कलेक्टर अविनाश रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी तथा बड़ी संख्या में जनसमुदाय मौजूद था।

राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पुरानी परंपराओं को जीवित रखना एवं उनका क्रियान्वयन करना बड़ी बात है और ऐसा करना संस्कारों को प्रदर्शित करता है। यही कार्य विधायक एवं वरिष्ठ पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए कार्य किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में 14 एवं 15 वर्ष की देश एवं प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा के लिए आज से सर्वाइकल कैंसर मुक्त भारत एवं मध्य प्रदेश बनाने हेतु वैक्सीन लगाने का कार्य शुरू किया गया है. जिले में गढ़ाकोटा से इसकी शुरुआत की जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक विधायक गोपाल भार्गव आस्था और विश्वास का केंद्र बने हुए हैं. जिनका आदर ही आदेश बन जाता है, और इसी आदर के साथ आज मैं आपके बीच उपस्थित हुआ हूँ। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सभी जिला चिकित्सालयों के खाली पद भरने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी जीवनशैली बदलकर स्वस्थ रहें और आगे बढ़ें। शुक्ल ने कहा कि गौमाता को आवारा न छोड़ें, उनकी सेवा करें। यदि गौमाता दूध नहीं देती हैं, तब भी उनका गोबर और गोमूत्र अत्यंत उपयोगी है।



#### अंत्योदय मेले का विस्तृत रूप है

विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि यह रहस मेला अंत्योदय मेले का विस्तृत रूप है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के साथ शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जाता है। एक छत के नीचे शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिसमें दिव्यांग प्रमाणपत्र, स्वास्थ्य परीक्षण सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री के पास महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विभाग है, जिसके माध्यम से संपूर्ण मध्य प्रदेश को स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य विभाग अत्याधुनिक संसाधनों एवं उपकरणों के माध्यम से प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य परीक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। मेला अध्यक्ष अभिषेक 'दीपू' भार्गव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ठाकुर, मनोज तिवारी, सुरेश कपासिया, संतोष पटेल, एसडीएम कुलदीप पाराशर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी तथा जनसमुदाय मौजूद था।

# कसौटी पर भारतीय गेंदबाजी और उसका संयोजन

## भारत-वेस्टइंडीज क्वार्टर फाइनल भिड़ंत



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर की एक चूक से मिली संजीवनी के बाद भी टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पाकिस्तान की टीम बाहर हो गई है। दरअसल सुपर8 की न्यूजीलैंड-इंग्लैंड की रोचक भिड़ंत में जीत के मुहाने पर खड़ी न्यूजीलैंड टीम के कप्तान ने अपने प्रमुख गेंदबाजों को ताक पर रख कर फिलिप से गेंदबाजी करवाने का आत्मघाती फैसला किया था।टी20 फॉर्मेट में एक चूक कितनी भारी पड़ सकती है इस बात का एहसास न्यूजीलैंड टीम को भली भांति हो गया होगा।खैर अंत भला तो सब भला उसी बात को अपने दिमाग मे लेकर आखिरकार न्यूजीलैंड टीम सेमीफइनल में पहुंच गयी। ग्रुप 2 मे श्रीलंका के खिलाफ सुपर-8 के आखिरी मैच में भले ही पाक टीम को जीत मिली, लेकिन इस जीत के बाद भी उनका सेमीफाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया।सही मायने में जिस तरीके से



पाकिस्तान टीम इस टूर्नामेंट में खेली है वह सेमीफइनल के लिए नाकाफी ही था। पाकिस्तान के सपने टूटने के साथ ही यह बात भी साफ हो गयी है कि 2026 टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल और समापन भारतीय सरजमीं पर ही होगा।मतलब अब फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही खेला जायेगा।अगर हम मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में टीमों के हालिया प्रदर्शन की बात करें तो सेमीफइनल में अब तक पहुंचने वाली तीनों टीम इसकी असल हकदार कही जा सकती हैं। अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीमें तय होने के बाद आज एक बार फिर डबल हेडर संडे में क्रिकेट के चाहने वालों को मजे मिलेंगे।दिल्ली के मैदान पर होने वाली पहली भिड़ंत भले ही रोमांचक न हो लेकिन अफ्रीका टीम के लिए इस मैच के मायने सिर्फ सेमीफाईनल में विपक्षी टीम तय करना रहेगा। वहीं अगर अब बात हम आज के दूसरे मुकाबले यानी भारत-वेस्टइंडीज भिड़ंत की करें तो यह सुपर 8 राउंड का आखिरी मैच होगा जो बतौर क्वार्टर फाइनल खेला जाना है। भले ही टीम इंडिया का पलड़ा इस मैच में बेहद मजबूत समझा जा रहा हो लेकिन सच तो यह है कि इस फ़ॉर्मेट में दोनों ही टीमें 2-2 बार खिताब जीत चुकी हैं। वैसे भी मेरे नजरिये में वेस्टइंडीज टीम इस फ़ॉर्मेट की सबसे अप्रत्याशित टीम है। ऐसे में टीम इंडिया के लिए इस मैच में बेहद चौकन्ना रहने की खास जरूरत है। एक भी चूक या फिर अतिउत्साह टीम के लिए घातक हो सकता है।कोलकाता में होने वाले इस मैच में टीम इंडिया के एकादश का चयन एक बार फिर उलझन भरा रहेगा।देखना यह दिलचस्प रहेगा कि बल्लेबाजी की ताकत को बरकरार रखते हुए टीम मैनेजमेंट पिछले कुछ मैचों लचर दिखी गेंदबाजी की धार कैसे तेज करते है।दरअसल टीम मैनजमेंट टीम इंडिया के संयोजन में बल्लेबाज और उनके क्रम में लगातार छेड़खानी कर उसकी ताकत तो डबल करने में लगा है,लेकिन गेंदबाजी में एक ही तय फ़ॉर्मेट में खेल रहा है।यह बात समझ से परे है कि आखिरकार भारतीय सरजमीं पर फिरकी मददगार विकेटों पर भी 4 तेज और 2 ही फिरकी गेंदबाजी विकल्प पर दांव क्यों लगा रहा है।कुलदीप यादव जैसे मैच विनर गेंदबाज से लगातार परहेज इस मैच के संयोजन का भी सबसे दिलचस्प सवाल रहेगा।वैसे भी जब मुकाबला वेस्टइंडीज टीम से हो तो कुलदीप यादव की अहमियत अधिक हो सकती है।यह नजरिया मेरा हो सकता है लेकिन टीम मैनेजमेंट के जहन में क्या है यह तो वक्त ही बतायेगा।अब अगर हम बात टॉस के किरदार की करें तो लीग चरण में मामला कुछ भी रहा हो ,लेकिन सुपर 8 राउंड में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना ही लाभदायक रहा हो,जिस भी कप्तान ने टॉस जीतकर चेस करने का फैसला किया वह उसके लिए घातक हुआ है।मतलब साफ है कि आज के इस बड़े क्वार्टर फाइनल मैच में स्कोरबोर्ड प्रेशर से बचना ही लाभकारी होगा।

### कोलकाता में दूसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनी थी विंडीज

# भारत-वेस्टइंडीज के लिए आज करो या मरो मैच, जीतने वाली टीम सेमीफाइनल खेलेगी

**कोलकाता, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप का आखिरी सुपर-8 मैच आज भारत और वेस्टइंडीज के बीच शाम 7 बजे से खेला जाएगा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में टॉस 6.30 बजे होगा। कोलकाता में दोनों टीमें 4 बार आमने-सामने आई हैं और सभी मुकाबले भारत ने जीते। वर्ल्ड कप में दोनों टीमें पहली बार कोलकाता में भिड़ेंगी। यह मुकाबला क्वार्टर फाइनल जैसा ही है। सुपर-8 स्टेज में 1-1 जीत से दोनों के पास 2-2 पॉइंट्स हैं। दोनों टीमों को साउथ अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा। आज जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, जबकि हारने वाली टीम का सफर खत्म हो जाएगा। वेस्टइंडीज की टीम कोलकाता में कभी टी-20 वर्ल्ड कप मैच नहीं हारी है। 2016 में ईडन गार्डन्स स्टेडियम में ही टीम ने इंग्लैंड को फाइनल हराकर दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता था।



**वर्ल्ड कप मुकाबलों में वेस्टइंडीज आगे:** भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक 30 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जा चुके हैं। इनमें भारत का पलड़ा भारी रहा। टीम इंडिया ने 19 मैच जीते, जबकि वेस्टइंडीज को 10 जीत मिलीं। एक मुकाबला बेनतीजा रहा। हालांकि, टी-20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का रिकॉर्ड बेहतर है। दोनों टीमें वर्ल्ड कप में 4 बार भिड़ीं, 3 मैच विंडीज ने जीते और महज 1 में भारत को जीत मिली। दोनों टीमें 2016 के सेमीफाइनल में आखिरी बार भिड़ी थीं, तब वेस्टइंडीज ने 3 ही विकेट खोकर 193 रन का टारगेट हासिल कर लिया था। भारत ने कोलकाता में अब तक ही एक वर्ल्ड कप मैच खेला और उसमें जीत हासिल की। वहीं वेस्टइंडीज ने यहां 3 वर्ल्ड कप मैच खेले हैं और तीनों में जीत दर्ज की। टीम इसी वर्ल्ड कप में 2 बार कोलकाता में खेल चुकी है, जबकि टीम इंडिया टूर्नामेंट में पहली बार यहां खेलेगी।

### ईशान किशन भारत के टॉप बैटर

ईशान किशन ने टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 6 मैचों में 186.08 के स्ट्राइक रेट से 214 रन बनाए। एक पारी में उनका बेस्ट 77 रन रहा। वहीं, गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती टीम के लिए टॉप विकेट टेकर रहे। उन्होंने 6 मैचों में 7.2 की इकोनॉमी से रन खर्च करते हुए 11 विकेट हासिल किए।

### मोती वेस्टइंडीज के टॉप विकेट टेकर

वेस्टइंडीज के लिए शिमरोन हेटमायर ने इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 6 मैचों में 182.64 के स्ट्राइक रेट से 221 रन बनाए। उनका बेस्ट स्कोर 85 रन रहा। वहीं, गुडाकेश मोती वेस्टइंडीज के लिए टॉप विकेट टेकर रहे। उन्होंने 6 मैचों में 7.75 की इकोनॉमी से 10 विकेट लिए।

**पिच रिपोर्ट और रिकॉर्ड:** ईडन गार्डन्स की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है, इसलिए यहां हाई-स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद की जा रही है। पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी ने कहा कि सौरव गांगुली पिच की तैयारी देखकर संतुष्ट नजर आए। मुखर्जी ने बताया कि यह पारंपरिक ईडन गार्डन्स का विकेट है, जहां आमतौर पर अच्छे रन बनते हैं, लेकिन स्पिनर्स को भी थोड़ी मदद मिल जाती है। शाम के मैच में ओस (ड्यू) आने की संभावना है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच सुपर-8 का मुकाबला उसी पिच पर होगा, जहां स्कॉटलैंड-इटली मैच हुआ था। स्कॉटलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 207 रन बनाए थे, जवाब में इटली 134 पर सिमट गया था। कोलकाता में 17 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 9 और टारगेट का पीछा करने वाली टीम ने 8 मैच जीते हैं। यहां का हाईएस्ट टीम स्कोर 207/4 है, जो स्कॉटलैंड ने इटली के खिलाफ बनाया था। इस वर्ल्ड कप में यहां अब तक 5 मैच खेले गए हैं। 4 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते। 1 मैच चेज करने वाली टीम ने जीता। 2 मैच दिन में और 3 रात में हुए। रात के मैचों में भी 3 में से 2 मुकाबले पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीते। कोलकाता में मौसम पूरी तरह साफ है। बारिश की कोई संभावना नहीं है। आज शाम कोलकाता में तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की संभावना है।

**वेस्टइंडीज में एक बदलाव संभव:** वेस्टंडीज की टीम में एक बदलाव हो सकता है, रोस्टन चेज की जगह अकील हुसैन की एंट्री हो सकती है। साउथ अफ्रीका के ख?िलाफ चेज ने 4 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट हासलि किया था।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11:** भारत से संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती। वेस्टइंडीज में ब्रैंडन किंग, शाई होप (विकेटकीपर और कप्तान), शिमरोन हेटमायर, रोवमन पॉवेल, शेरफन रदरफोर्ड, रोस्टन चेज/अकील हुसैन, रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर, मैथ्यू फोर्ड, गुडाकेश मोती और शमार जोसेफ।

### 29 देशों में है पॉपुलर प्रतियोगिता

# फिटनेस की नई रेस 'हायरॉक्स' 11-12 अप्रैल को बेंगलुरु में होगी

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी**

भारत में फिटनेस अब जिम या मैराथन तक सीमित नहीं रही। अब चर्चा है हायरॉक्स की। यह दुनिया की सबसे बड़ी इनडोर फिटनेस रेस है जो रनिंग और फंक्शनल वर्कआउट को एक फॉर्मेट में जोड़ती है। यह एक हायब्रिड फिटनेस का रूप है। पिछले साल मई में भारत में हायरॉक्स की शुरुआत हुई। अब 11, 12 अप्रैल को यह रेस बेंगलुरु में होनी है।

इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी एक किलोमीटर दौड़ते हैं और उसके बाद एक फंक्शनल एक्सरसाइज का सेट पूरा करते हैं, जैसे स्लेड पुश, रोइंग, बर्पी ब्रॉड जंप या वॉल बॉल। यह कुल आठ बार दोहराया जाता है। आखिर में देखते हैं कि किसने कितनी देर में इसे पूरा किया। यह एक हाइब्रिड फिटनेस का रूप है, खास बात है कि यह किसी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में नहीं बल्कि बड़े इंडोर सेंटर्स में आयोजित होती है।

### स्टार्टअप फाउंडर्स से लेकर क्रिकेटर्स तक

शुगर कॉस्मेटिक की फाउंडर विनीता सिंह, ने भारत में हुई तीनों हायरॉक्स रेस में हिस्सा लिया है, इसे एक ऐसे एग्जाम की तरह मानती हैं जिसके लिए वे तैयारी भी करती हैं। जेरोधा के फाउंडर नितिन कामत ने मुंबई में आयोजित हायरॉक्स में हिस्सा लिया था। दिल्ली में हुए हायरॉक्स में भारतीय क्रिकेटर्स रवि बिश्नोई और रियान पराग जैसे चेहरे भी शामिल हुए थे।



### भारत में एक साल में 5 गुना से ज्यादा एंट्री

पिछले साल मई में भारत में हायरॉक्स की शुरुआत हुई। मुंबई में हुए पहले हायरॉक्स में 1650 लोगों ने हिस्सा लिया था। अब 11-12 अप्रैल को बेंगलुरु में हायरॉक्स होनी है, इसके लिए 8500 लोग पहले ही जुड़ चुके हैं, यानी करीब एक साल में एंट्री लगभग 5 गुना से ज्यादा बढ़ गई हैं। बेंगलुरु के बाद जुलाई और सितंबर में हायरॉक्स इवेंट दिल्ली-मुंबई में भी होना है। यह एक फुल-डे इवेंट होता है, जो सुबह 7.30 बजे से रात 10 बजे तक चलता है। एंट्री फीस आमतौर पर 3,000 से 10,000 रुपए के बीच होती है, जो कैटेगरी और शहर के हिसाब से तय होती है।



## मेट्रो बाजार

# 50 फीसदी तेल सप्लाई पर संकट सोना-चांदी हो सकता है महंगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

ईरान और इजराइल के बीच शुरू हुई जंग का असर भारत के तेल, व्यापार, शेयर बाजार और सोना-चांदी की कीमतों पर दिख सकता है। अगर दोनों देशों के बीच युद्ध और बढ़ता है तो होर्मुज स्ट्रेट बंद हो सकता है। इससे भारत को हर महीने होने वाली तेल सप्लाई का आधा हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। इसके अलावा भारत का नॉन-ऑयल एक्सपोर्ट भी प्रभावित हो सकता है। इसका 10त्न से ज्यादा हिस्सा इस क्षेत्र से सप्लाई होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंग बढ़ने से कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ती है और इसका असर शेयर बाजार पर भी पड़ेगा। ऐसे हालात में बाजार में बड़ी बिकवाली और गिरावट देखने को मिल सकती है। दूसरी तरफ, जब दुनिया में तनाव बढ़ता है तो निवेशक सुरक्षित विकल्प की ओर जाते हैं। ऐसे समय में लोग सोना और चांदी खरीदना पसंद करते हैं। इसलिए इनकी कीमतों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। ईरान और ओमान के बीच स्थित होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग है। भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर कच्चा तेल सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई जैसे देशों से मंगवाता है, जिसका बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से आता है।



केपलर के लीड रिसर्च एनालिस्ट सुमित रितोलिया के मुताबिक, अगर इजराइल ईरान के तेल ठिकानों पर हमला करता है या ईरान इस रास्ते को ब्लॉक करता है, तो सप्लाई चेन पूरी तरह बंद हो जाएगी। इसका असर भारत के साथ-साथ ग्लोबल ऑयल मार्केट पर भी पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत अपनी जरूरत का करीब 26 लाख बैरल कच्चा तेल (क्रूड ऑयल) रोजाना इसी रास्ते से मंगवाता है। केपलर के डेटा के मुताबिक, जनवरी-फरवरी में भारत के कुल मंथली ऑयल इंपोर्ट का करीब 50त्न हिस्सा होर्मुज के रास्ते ही आया है। नवंबर-दिसंबर 2025 में यह आंकड़ा 40 फीसदी था, जो अब बढ़ गया है।

# अमेरिकी रक्षा विभाग के नेटवर्क पर ओपन-एआई का इस्तेमाल होगा, सैम ऑल्टमैन और पेंटागन में समझौता

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सैम ऑल्टमैन की कंपनी ओपन-एआई और अमेरिकी रक्षा विभाग के बीच एक बड़ा समझौता हुआ है। इसके तहत ओपन-एआई अपने कुछ मॉडल्स को पेंटागन के क्लासिफाइड नेटवर्क पर तैनात करेगा। ओपन-एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर इसकी जानकारी दी है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओपन-एआई की प्रतिद्वंद्वी कंपनी एंथ्रोपिक की टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश दिया है। बता दें कि अमेरिकी सेना चाहती है कि युद्ध और निगरानी के लिए उसे एआई का बिना किसी रोक-टोक के एक्सेस मिले, जिसे एंथ्रोपिक ने अपनी पॉलिसी के खिलाफ बताया था। इसी के चलते सरकार ने ये कदम उठाया है। सैम ऑल्टमैन ने बताया कि रक्षा विभाग के साथ हुए इस समझौते में सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि पेंटागन ने एआई सेफ्टी के प्रति सम्मान दिखाया है। हमारे बीच हुए एग्रीमेंट में दो मुख्य बातें शामिल हैं पहली, घरेलू स्तर पर मास सर्विलांस पर रोक होगी और दूसरी, स्वायत्त हथियार प्रणालियों (अटोनोमस वेपन्स) सहित बल के प्रयोग की जिम्मेदारी इंसानों के हाथ में ही रहेगी। ऑल्टमैन के मुताबिक, रक्षा विभाग इन सिद्धांतों पर सहमत है और इन्हें कानून व नीतियों में भी जगह दी गई है। यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने साफ किया कि उनकी कंपनी एआई के कुछ खास इस्तेमाल, जैसे मास सर्विलांस और पूरी तरह से ऑटोमैटिक हथियारों का समर्थन नहीं करेगी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# फ्लाइट में ऐश्वर्या को हुआ था शादी का अहसास



ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने साल 2007 में शादी की थी। उस वक्त इस शादी की खूब चर्चा हुई थी। कई दिनों तक यह जोड़ी सुर्खियों में रही थी। मालूम हो कि ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन की शादी को 17 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस खास मौके पर हम ऐश्वर्या राय बच्चन से जुड़ी दिलचस्प बातें बताने जा रहे हैं।

### जब एयर होस्टेस ने ऐश्वर्या को कहा- मिसेज बच्चन

जब शादी के बाद ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन बोरा बोरा में हनीमून मनाने गए थे तो एक वाकया हुआ था। ऐश्वर्या ने खुद इसके बारे में बताया था। दोनों फ्लाइट से यात्रा कर रहे थे तभी अचानक एयर होस्टेस ऐश्वर्या राय के पास आई और उन्हें 'मिसेज बच्चन' कहकर बुलाया। यह सुनते ही अभिषेक और ऐश्वर्या ने तुरंत एक-दूसरे को देखा और दोनों जोर से हंस पड़े। ऐश्वर्या ने बताया था कि 'मिसेज बच्चन' सुनकर उन्हें अचानक महसूस हुआ था कि उनकी शादी हो गई है।

### 'धूम-2' की शूटिंग के दौरान हुआ था प्यार

ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने एक साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। इनमें धूम 2, रावण, कुछ ना कहो, ढाई अक्षर प्रेम के, गुरु और उमराव जान शामिल है। अभिषेक बच्चन को धूम 2 की शूटिंग के दौरान ऐश्वर्या राय बच्चन से इश्क हुआ था। इसके बाद दोनों ने शादी रचाई थी। दोनों पहली बार फिल्म 'ढाई अक्षर प्रेम के' के एक फोटो शूट के लिए मिले थे। कुछ साल बाद उनके बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थी।

### शादी के बाद कैसी चल रही है अभिनेत्री विद्या बालन की लाइफ? एक्ट्रेस ने बताया

# तमाम परेशानी के बावजूद, हमारे रिश्ते में बहुत ज्यादा ईमानदारी है

हाल ही में विद्या बालन ने एक इंटरव्यू में बताया कि सिद्धार्थ रॉय कपूर से उनकी मुलाकात साल 2010 में करण जौहर के घर पर एक पार्टी में हुई थी. फिल्म निर्माता ने कामदेव की भूमिका निभाई थी, उन्होंने जानबूझकर हम दोनों को इनवाइट किया था क्योंकि वो चाहते थे कि हम एक साथ हों. एक्ट्रेस ने कहा, आजकल की जेनरेशन दाएं और बाएं स्वाइप करती हैं. लेकिन मैं भाग्यशाली रहीं कि टिंडर और बम्बल के फलने-फूलने से पहले ही मुझे एक पार्टनर मिल गया और मैं इससे बहुत खुश हूं. प्यार हमेशा प्यार ही रहेगा. बता दें कि कुछ समय तक डेटिंग करने के बाद, सिद्धार्थ और विद्या ने दिसंबर 2012 में शादी कर ली थी. आगे विद्या ने कहा कि तमाम परेशानी के बावजूद भी, हमारे रिश्ते में बहुत ज्यादा ईमानदारी है और ये ही कारण है कि वह सिद्धार्थ के सामने अपनी फीलिंग्स को खुलकर जाहिर करने से नहीं डरती. जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि उन्होंने सिद्धार्थ के लिए सबसे रोमांटिक चीज अबतक क्या की है? तो विद्या ने कहा, मैं बिल्कुल भी खाना नहीं बनाती।

### झूठ नहीं बोल सकतीं

पति सिद्धार्थ के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस बोलीं- अच्छी बात ये है कि वह समझता है कि मैं जो करती हूं उसे करने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ती है. इसलिए, वह बहुत सपोर्टिव है और ये दूसरा पहलू भी है क्योंकि मैं काम के कारण थकने के बारे में उनसे झूठ नहीं बोल सकतीं.



# 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में सर्किट से पहले कुछ और था अरशद के किरदार का नाम



*बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी 'सर्किट' के नाम से जाने जाते हैं। उनके द्वारा फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में निभाया गया यह किरदार काफी यादगार है। दर्शकों ने इस किरदार को खूब पसंद किया था। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी और लोग आज तक अरशद के इस किरदार को भूले नहीं है। हाल ही में, अरशद वारसी ने खुद इस किरदार के बनने के पीछे की कहानी बताई है। अरशद ने एक साक्षात्कार में बताया कि उनके इस किरदार का नाम पहले सर्किट नहीं, बल्कि खुजली था। उसके कपड़े और हरकतें काफी ज्यादा अलग तरह की थी। उन्होंने कहा, नाम सुनते ही आपको लगता है, ये सिर्फ खुजाता रहेगा। उससे ज्यादा क्या ही करेगा, तो वह पूरा पैकेज खराब हो जाता है। अरशद वारसी ने सर्किट के किरदार पर काफी मेहनत की थी। अरशद ने बताया कि उन्होंने फिल्म के निर्देशक राजकुमार हिरानी से किरदार का नाम बदलने को कहा था। इसके अलावा उसके कपड़ों में भी बदलाव करने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान तक राजकुमार हिरानी उनके सेंस ऑफ ह्यूमर के बारे में नहीं जानते थे। उन्होंने दिलचस्प बात बताते हुए कहा कि फिल्म के कुछ-कुछ सीन तो ऐसे थे, जिनमें सब कुछ अरशद ने ही किया था। फिल्म के दृश्यों में जान डालने के लिए उन्होंने काफी काम किया था। अरशद ने बताया कि 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में मुख्य किरदार अदा करने वाले संजय दत्त ने भी उनके दिए सुझावों का समर्थन किया था। उन्होंने कहा संजय दत्त और उनके बीच अच्छा तालमेल है।*



# स्पेन: दुनिया का सबसे ऊंचा चर्च बना सग्रादा फामीलिया

*बार्सिलोना। स्पेन के बार्सिलोना में स्थित सग्रादा फामीलिया बेसिलिका अब दुनिया का सबसे ऊंचा चर्च बन गया है। चर्च के मुख्य टावर के ऊपर क्रॉस लगाने का काम पूरा हुआ। खास बात यह है कि इस चर्च को बनाने में 143 वर्ष लग गए। प्रसिद्ध वास्तुकार एंटोनी गौडी ने इसे डिजाइन किया था। उनकी मृत्यु 1926 में हो गई थी, तब केवल एक ही टावर का काम पूरा हुआ था। हाल के दशकों में यहां पर्यटन बढ़ने से निर्माण तेज हुआ, क्योंकि प्रवेश शुल्क के रूप में हो रही आमदनी से ही इसके निर्माण में खर्च किया जा रहा था। चर्च के अंदरूनी हिस्से में कुछ छोटे-मोटे काम बाकी हैं। जून 2026 में गौड़ी के शताब्दी वर्ष में इसका उद्घाटन प्रस्तावित है।*

## न्यूज विंडो

### दिल्ली-दून एक्सप्रेसवे पर एलिवेटेड रोड तैयार, सेफ्टी ऑडिट हुआ पूरा



**देहरादून।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे परियोजना में गणेशपुर से डाटकाली तक बनाई गई 12 किमी लंबी एलिवेटेड रोड के सभी कार्य पूरे किए जा चुके हैं। इसके साथ ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) के परियोजना निदेशक कार्यालय ने परियोजना का सेफ्टी ऑडिट भी पूरा करा लिया है। अब सिर्फ परियोजना कार्यालय एक्सप्रेसवे के औपचारिक उद्घाटन के निर्देशों के इंतजार में हैं। एनएचएआइ के परियोजना निदेशक सौरभ सिंह के अनुसार एलिवेटेड रोड पर सड़क सुरक्षा के लिहाज से सभी इंतजाम किए गए हैं। निर्धारित स्थलों पर 16 स्पीड डिटेक्शन कैमरे लगाए गए हैं। जो वाहनों की रफ्तार का परीक्षण करेंगे और ओवरस्पीड की दशा में कंट्रोल रूम में तुरंत सूचना भेज देंगे। यह कैमरे मीटर व्हीकल एक्ट के लिहाज से परिवहन विभाग के भी सीधे नियंत्रण में होंगे और स्वतः ही चालानी कार्रवाई करेंगे। इसके अलावा 12 मोबाइल टावर भी इंस्टाल किए जा चुके हैं।

### खाई में गिरी बोलेरो कैंपर, दो युवकों की मौत और तीन घायल



**कुल्लू।** हिमाचल के कुल्लू जिले में शनिवार देर रात पुलिस थाना पतलीकुहल के अंतर्गत मुकाम जाणा में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। गाड़ी नंबर एचपी-34ई-1427 बोलेरो कैंपर रात के समय अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि वाहन में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। शव की पहचान 20 वर्षीय अविनाश पुत्र भगवान दास निवासी गांव सोर, डाकघर कराडसू, तहसील बंजार, जिला कुल्लू तथा 23 वर्षीय सोनम कुमार पुत्र भूमि प्रकाश निवासी गांव सोर, डाकघर कराडसू, तहसील बंजार, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। दोनों युवक आपस में परिचित बताए जा रहे हैं। अचानक हुए इस हादसे से सोर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा देर रात हुआ, जिससे राहत एवं बचाव कार्य में भी दिक्कतें आईं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत बाहर निकालकर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### बेटी की शादी के लिए अधिकारी नहीं दे रहे थे छुट्टी, बीएलओ ने जान दी

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में बेटी की शादी में छुट्टी न मिलने से आहत बीएलओ (शिक्षामित्र) ने शनिवार को विद्यालय के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। जेब से मिले सुसाइड नोट में 'एसआईआर-2026 जीवनमुक्ति' का टाइटल लिखा है। एसडीएम और बीईओ के चक्कर लगाने के बाद भी छुट्टी न मिलने की बात लिखी है। परिजन ने एसडीएम (ईआरओ) पर आरोप लगाकर हंगामा किया। कोतवाली इलाके के अलियाबाद गांव निवासी अखिलेश कुमार सविता (45) प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र थे। एसआईआर में उनकी ड्यूटी लगी थी। वह शनिवार को ड्यूटी पर गए थे। विद्यालय करीब तीन बजे बंद हो गया था। बेटे दिव्यांश से करीब शाम चार बजे फोन पर बात हुई थी। प्रतिदिन बीएलओ शाम करीब शाम पांच बजे तक काम करते थे। विद्यालय के पास रहने वाला शिक्षा मित्र राजू उनसे मिलने पहुंचा तो दरवाजे अंदर से बंद थे। राजू ने दरवाजा खोला तो उसने अखिलेश को रस्सी के फंदे से पंखे पर लटके देखा। उसने परिजन को सूचना दी। परिजन शव उतारकर सीएचसी ले गए। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। सीओ गौरव शर्मा व कोतवाली पुलिस पहुंची।

---

**पश्चिम एशिया में भड़की भीषण जंग का असर**

# युद्ध पर दो खेमों में बंटी पूरी दुनिया कहीं विरोध तो कहीं पक्ष में प्रदर्शन

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में भड़की भीषण जंग ने पूरी दुनिया को दो स्पष्ट कूटनीतिक ध्रुवों में विभाजित कर दिया है। जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के मिसाइल उद्योग व उसकी नौसेना को नेस्तनाबूद करने के लिए बड़े सैन्य अभियान की घोषणा की, तो वैश्विक राजनीति की लकीरें और गहरी हो गईं। ईरान में हुए मिसाइल हमलों के बाद वाशिंगटन ने इसे ईरानी शासन से खतरों को खत्म करने का मिशन बताया है। इस्त्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इसे अस्तित्व की रक्षा के लिए उठाया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे ईरानी जनता को अपना भाग्य खुद चुनने का अवसर मिलेगा। संघर्ष शुरू होने के बाद भारत के कश्मीर से लेकर जर्मनी व ब्रिटेन तक कहीं इसके विरोध तो कहीं पक्ष में प्रदर्शन हुए हैं।

ईरान के हमले की कई इस्लामी देशों ने भी आलोचना की है और अमेरिका और इस्त्राइल के संयुक्त हमले का समर्थन किया है। यूक्रेन, कतर, यूएई, बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब आदि देशों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। यूएई ने ईरान के हमले को कायराना हरकत करार देते हुए जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखने की बात कही है, जबकि सऊदी अरब ने इसके गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। यूक्रेन ने भी इस तनाव के लिए सीधे तौर पर ईरान के आंतरिक दमन और हालिया महीनों में प्रदर्शनकारियों पर हुई हिंसा को जिम्मेदार ठहराया है।





### रूस-चीन ईरान के पक्ष में

कई ताकतवर देश ईरान के समर्थन में भी उतरे हैं। इनमें रूस, चीन, ओमान, तुर्किये व नॉर्वे शामिल हैं। रूस ने अमेरिका पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वाशिंगटन ने ईरान के साथ चल रही परमाणु वार्ता का इस्तेमाल केवल अपने सैन्य हमलों को छिपाने के लिए किया। रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा, शांतिदूत (ट्रंप) ने एक बार फिर अपना चेहरा दिखाया है। चीन ने भी सैन्य कार्रवाई तत्काल रोकने व ईरान की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की मांग की है। ब्राजील की सरकार ने ईरान में हमलों की कड़ी निंदा की और क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता जताई। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि ये हमले ऐसे समय में हुए, जब बातचीत की प्रक्रिया चल रही थी, जिसे शांति का एकमात्र व्यवहारिक रास्ता बताया गया। ब्राजील ने स्पष्ट किया कि विवादों के समाधान के लिए संवाद ही वैध और टिकाऊ माध्यम है।

### ईरान आतंक का प्रमुख स्रोत : कार्नी

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पश्चिम एशिया पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि ईरान पूरे क्षेत्र में अस्थिरता और आतंक का मुख्य स्रोत है। उसे किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार हासिल करने या विकसित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्नी ने कहा, ईरान का मानवाधिकार रिकॉर्ड दुनिया में सबसे खराब रिकॉर्डों में से एक है। कार्नी ने कहा, कनाडा और उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदार लगातार ईरानी शासन से उसके परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने की अपील करते रहे हैं। उन्होंने कन्नानास्किस में हुए जी7 शिखर सम्मेलन और संयुक्त राष्ट्र की ओर से प्रतिबंधों की पुनः बहाली का भी उल्लेख किया। कार्नी ने मुंबई में नवाचार प्रदर्शनी में हिस्सा लिया और विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं से मुलाकात की। कार्नी ने शनिवार को मुंबई में भारत-कनाडा टैलेंट एंड इनोवेशन स्ट्रैटेजी की शुरुआत की।

---

**हवाई सफर हो सकता है महंगा**

# आज से बिना सिम नहीं चलेगा वॉट्सऐप: कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़े



**नई दिल्ली , एजेंसी**

आज से 4 अहम बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इसका सीधा असर आपकी जिंदगी पर पड़ेगा। आज य कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। वहीं ATF के दाम बढ़ने से हवाई सफर महंगा हो सकता है। इसके अलावा अब फोन में एक्टिव सिम के बिना वॉट्सएप जैसे मैसेजिंग एप्स काम नहीं करेंगे। रेलवे का अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (TS) एप काम करना बंद कर देगा। 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कोलकाता में हुई है, जहां अब सिलेंडर के लिए 1875.50 चुकाने होंगे। वहीं दिल्ली में कीमत 28 रुपए बढ़कर 1768.50 हो गई है। पहले यह 1740.50 में मिल रहा था।

आज से मैसेजिंग एप्स के लिए 'सिम-बाइंडिंग' नियम लागू हो गए हैं। सरकार के इस नियम के बाद अब वॉट्सऐप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे मैसेजिंग एपस तभी काम करेंगे, जब फोन में वही सिम कार्ड एक्टिव मोड में लगा हो जिससे अकाउंट बनाया गया है।

### ईंधन की कीमतें 5,500 तक बढ़ी

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने हवाई ईंधन (ATF) की कीमतें 5,500 तक बढ़ा दी है। इससे आने वाले दिनों में हवाई टिकटों के दाम बढ़ने का अनुमान है। सबसे ज्यादा दाम चेन्नई में बढ़े हैं। यहां ATF 94,781.99 रुपए किलोलीटर से बढ़कर 1,00, 280 किलोलीटर हो गए हैं।

---

**मुंबई में मेगा अवॉर्ड शो से पहले लंदन में हुआ बड़ा हादसा**

# मशहूर सिंगर मनजीत सिंह रालका का एक्सीडेंट, अस्पताल में किया भर्ती



**लंदन, एजेंसी।** अपने स्टेज नेम मंज मुसिक के नाम से मशहूर सिंगर मनजीत सिंह राल लंदन में एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे बाद सिंगर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मनजीत सिंह रल को मुंबई में एक मेगा अवॉर्ड शो में परफॉर्म करना था, लेकिन इससे पहले ही वह लंदन में हादसे का शिकार हो गए, जिसके चलते उन्हें अपनी भारत यात्रा रद्द करनी पड़ी। मंजीत ब्रिटिश-भारतीय आइकन और फेमस बैंड आरडीबी के पूर्व मुख्य गायक हैं। वह कल मुंबई में ज़ी सिने अवार्ड्स 2026 में एक धमाकेदार परफॉर्मेंस देने वाले थे।

रिपोर्ट के अनुसार, मंजीत को हादसे के बाद लंदन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, चोटें कितनी गंभीर हैं, अभी इसका पता नहीं चल सका है। लेकिन, उनकी मुंबई यात्रा जरूर रद्द हो गई है। 'स्वैग मेरा देसी' और 'लाल घाघरा' जैसे हिट गाने के लिए मशहूर मंज, जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में अपने भांगड़ा और अर्बन हिप-हॉप से दर्शकों का दिल जीतने वाले थे। ब्रैडफोर्ड में जन्मे मंजीत सिंह राल ने आरडीबी (रिदम, ढोल, बेस) की शुरुआत अपने भाइयों कुली (कुलदीप राल) और सुरजीत सिंह के साथ मिलकर की थी।

# धार में पलटा बीयर से भरा ट्रक, 300 पेटियां लूट ले गए लोग, हालात संभालने में पुलिस के छूटे पसीने



**धार, एजेंसी।** धार जिले में देर रात बाग क्षेत्र के बाकी घाट में बीयर से लदा एक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंचकर बीयर की पेटियां ले जाने लगे। हालात संभालने पहुंची पुलिस को भी विरोध का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्राले में बड़ी संख्या में बीयर की पेटियां भरी थीं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बाग पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों ने पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस के दो वाहनों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टांडा थाने से अतिरिक्त बल बुलाया गया।

पुलिस की निगरानी में पलटे ट्राले से शेष बची पेटियों को दूसरे वाहन में ट्रांसफर किया गया। यह वाहन फिलहाल बाग थाने में खड़ा कराया गया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्राले के पास शराब परिवहन का वैध परमिट बताया गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा कारणों से तत्काल क्रॉसिंग करवाई गई। रविवार को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद वाहन को निर्धारित मार्ग पर रवाना किया जाएगा।

### इंदौर से आलीराजपुर जा रहा था ट्रक

ट्राला इंदौर के वेयरहाउस से बीयर लेकर चांदपुर स्थित सिया इंटरप्राइजेज की दुकान के लिए रवाना हुआ था। लूटपाट और पथराव की सूचना मिलते ही एसडीओपी कुक्षी सुनील गुप्ता और कुक्षी टीआई राजेश यादव भी मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, करीब 300 पेटियां ग्रामीण अपने साथ ले गए। पर्याप्त पुलिस बल पहुंचने के बाद स्थिति पर काबू पाया गया और पेटियां ले जा रहे लोग मौके से भाग खड़े हुए।

---

**मेट्रो एंकर** | **पहले सप्ताह में बारिश, दूसरे में गर्मी बढ़ेगी, रात के तापमान में भी होगी बढ़ोत्तरी**

# मार्च में तपेगा एमपी ... तापमान हो सकता है 40°C पार

**भोपाल, एजेंसी**

अबकी बार मार्च महीने में मध्य प्रदेश जमकर तपेगा। कई शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है। मौसम विभाग की माने तो मार्च के पहले सप्ताह में हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, जबकि दूसरे सप्ताह से गर्मी असर दिखाने लगेगी। दिन के साथ रातें भी गर्म होंगी।

भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने गर्मी का अपडेट भी जारी किया है। इसके मुताबिक, मार्च से मई के बीच पूरे प्रदेश में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना जताई है। दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। मार्च से ही असर बढ़ेगा। हालांकि, हीट वेव का असर अप्रैल-मई में ही ज्यादा रहेगा।

**बारिश का भी अनुमान:** मार्च में मध्य प्रदेश में बारिश का भी अनुमान है। दरअसल, 4 मार्च की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। जिसका असर 2 दिन बाद एमपी में भी देखने को मिल सकता है। कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।



सिस्टम के असर से दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन तक अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान भी जताया है।

**मार्च में तीनों मौसम का असर:** मध्यप्रदेश में पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो मार्च महीने में रातें ठंडी और दिन गर्म रहते हैं। बारिश का ट्रेंड भी है। इस बार भी ऐसा ही मौसम है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है जबकि रात में 10 से 17 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।मौसम विभाग के अनुसार, मार्च में ग्वालियर में मौसम सबसे ज्यादा बदला हुआ रहता है। यहां रात में पारा 8 डिग्री तक पहुंच चुका है। जबलपुर में दिन में गर्मी और रात में ठंड रहती है।

### 30 शहरों में पारा 30 डिग्री के पार पहुंचा

इससे पहले प्रदेश के 30 शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री या इससे अधिक रहा। भोपाल में 32.4 डिग्री, इंदौर में 31.1 डिग्री, ग्वालियर में 32.5 डिग्री, उज्जैन में 30.5 डिग्री और जबलपुर में 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा खरगोन में 35 डिग्री दर्ज किया गया।

### अप्रैल-मई सबसे ज्यादा गर्म रहेंगे

मौसम विभाग ने इस साल अप्रैल और मई में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने का अनुमान जताया है। इन दो महीने के अंदर ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच सकता है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग भी गर्म रहेंगे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया** **स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564